# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 11 सितंबर 2024


## टाटा मोटर्स ने कारों के दाम 3 लाख तक घटाए



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक वाहनों पर 3 लाख रुपए तक की छूट दी है। सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि नेक सन मॉडल की ईवी पर 3 लाख रुपए तक का डिस काउंट दिया जा रहा है।

-भीतर पेज देखें...






# गांव के युवा बताएंगे खेतों में कौन सी फसल, एक खसरे की कीमत मिलेगी दस रुपए

## गिरदावरी की प्रक्रिया प्रारंभ, गांव के युवाओं को भी जिम्मा, ऐप में करेंगे एंट्री और करेंगे कमाई

सत्यम शर्मा ▶▶| राजनांदगांव

*धान खरीदी से पहले प्रदेशभर में गिरदावारी की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस बार पहली दफा यह काम राजस्व महकमे के साथ ही गांव के युवाओं के हाथों में भी होगा। केंद्र की योजना के तहत अब गांव के युवा ही यह बताएंगे कि किस खसरे में कौन सी फसल लगी है? पहले चरण में प्रदेश के तीन जिले महासमुंद, धमतरी और कबीरधाम में इसकी शुरुआत की गई है, शेष जिलो की 1-1 तहसीलों को इसमें शामिल किया गया है।*

खास खबर

### 9 से 30 के मध्य बनेगी रिपोर्ट

जानकारी के अनुसार सभी जिलो में 9 सितंबर से 30 सितंबर के मध्य युवाओं द्वारा गिरदावारी का काम किया जाएगा। युवाओं को गिरदावारी का काम एक ऐप के माध्यम से करना होगा। बताया गया कि युवाओं को रोजाना 25 से 50 खसरे आबंटित किए जाएंगे, जिनकी रोज एंट्री करने के बाद ही नए खसरे दिए जाएंगे। प्रति खसरे की एंट्री के लिए युवाओं को दस रुपए का भुगतान किया जाएगा। एक गांव में अधिकतम 20 युवाओं को ही रखा जा सकेगा।



### ऐसे होगी प्रक्रिया

निजी सर्वेयर को प्रतिदिन 30 से 50 खसरों का टास्क दिया जाएगा। जिसे सर्वेयर खेत में जाकर लॉगिन करेंगे। उनसे तहसीलदार पूछेंगे क्या आप अवलेबल हैं और हां में जवाब आएगा। वैसे ही ऐप में प्लॉट की स्थिति, खसरा नंबर, एरिया ऑनर का नाम अपने आप फीड हो जाएगा। जो फसल लगी है, उसकी तीन फोटो लॉन्गिट्यूट-लैटिट्यूट के साथ अपलोड करना है।

### एंड्रायड फोन जरूरी

सर्वेयर के रूप में गिरदावरी का काम करने के लिए उसी गांव के युवाओं का चयन करने कहा गया है। ऐसे युवा जो कम से कम 10वीं पास है, वे सर्वेयर के रूप में कार्य कर सकेंगे। इसके साथ ही युवाओं के पास स्वयं का एंड्रायड फोन होना जरूरी है, वह भी एंड्रायड वर्सन 9 होना चाहिए। सर्वेक्षकों द्वारा सर्वे किये गए खसरे पटवारी के पास आएंगे। पटवारी अनुमोदन करेगा या रिसेंड करेगा। पटवारी द्वारा दो बार रिजेक्ट होने की स्थिति में आरआई के आईडी में आयेगा।

*मिली जानकारी के अनुसार इसे लेकर प्रशिक्षण का काम भी सभी जिलों में पूरा कर लिया गया है। युवाओं को ऐप के माध्यम से गिरदावरी रिपोर्ट प्रविष्ट करने की पूरी ट्रेनिंग दी जा चुकी है। हालांकि राजस्व महकमे का भी इसमें अहम रोल होगा। युवाओं को खसरा आबंटन करने का काम पटवारियों द्वारा ही किया जाएगा। वहीं तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों द्वारा कार्य की जांच कर समीक्षा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गिरदावरी का पूरा काम राजस्व महकमा, कृषि विभाग के द्वारा किया जाता रहा है, लेकिन सीमित कर्मचारियो के भरोसे समय पर गिरदावरी की प्रक्रिया पूरी होना मुश्किल होता था।*






## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट के लिए छह वरिष्ठ अधिवक्ता एएसजी नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए छह वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया है। इनमें एस. द्वारकानाथ, अर्चना पाठक दवे, सत्य दर्शी संजय, बृजेंद्र चाहर, राघवेंद्र पी. शंकर और राजकुमार भास्कर ठाकरे (राजा ठाकरे) शामिल हैं।



### एआई एक्सप्रेस की रियाद के लिए नई उड़ान

**तिरुवनंतपुरम।** 'एअर इंडिया एक्सप्रेस' ने केरल से सऊदी अरब की राजधानी रियाद के लिए उड़ान सेवा की मांग को स्वीकार कर लिया है। 'एअर इंडिया एक्सप्रेस' ने दक्षिणी राज्य के प्रवासियों को 'ओणम' उपहार के रूप में नौ सितंबर को तिरुवनंतपुरम से रियाद के लिए अपनी उड़ान सेवा शुरू की।



### रविंद्र आइसलैंड में भारत के अगले राजदूत

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर. रविन्द्र को आइसलैंड में देश का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। उनके शीघ्र ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, आर. रवींद्र (आईएफएस: 1999) वर्तमान में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि हैं।



### तालाब में डूबकर चार नाबालिग की मौत

**बहराइच।** एक गांव में मंगलवार को 10 से 14 साल उम्र की चार लड़कियों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक लड़कियों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायक देने के निर्देश दिए हैं। महक खातून (14), सामिया (10), साइबा (10) और सारीकुल खातून (13) कमल के पौधे निकालने तालाब में गई थीं।




### महाराष्ट्र सीमा क्षेत्र के बागनदी थाना और शहर के चिखली क्षेत्र की पुलिस चौकी एवं जिला अस्पताल डूबे

# तूफानी बारिश से बाढ़ के हालात, गंगरेल के 9 गेट खोले गए, तेलंगाना और महाराष्ट्र का रास्ता बंद

*छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में मंगलवार को भी बाढ़ के हालात बने रहे। सुकमा के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण कई क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हो रहे हैं। यहां रहने वालों का कहना है कि यहां 107 वर्षों के बाद ऐसी बाढ़ पहली बार आया है। इधर छत्तीसगढ़ से तेलंगाना व महाराष्ट्र का रास्ता आज भी बंद है। महानदी का भी जलस्तर बढ़ गया है। हालात को देखते हुए गंगरेल बांध के नौ गेट खोल दिए गए हैं। राजनांदगांव जिले सहित नवीन जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान- गंडई में सोमवार शाम से हो रही भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात बने हुए हैं। तीनों जिले के दो दर्जन से अधिक गांव टापू में तब्दील हो गए है। रायपुर में भी बारिश के हालात बने रहे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगदलपुर/ छिंदगढ़/ राजनांदगांव/ कवर्धा/ बालोद/धमतरी

बस्तर में बारिश का सबसे ज्यादा असर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक में देखने को मिला है। यहां के अंदरूनी गांवों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। भोपालपटनम के मट्टीमरका गांव में चारों तरफ से बारिश का पानी घुस गया है। गांव जाने वाले रास्ते पर पानी चढ़ गया है। वहीं घाट की तरफ से भी पानी ने गांव को घेरा हुआ है। इन्द्रावती नदी का जलस्तर बढ़कर 14.800 मीटर पहुंच गया है। जिससे तिमेड़, वोडागुड़ा, भटपल्ली, चंदनगिरी, लिंगापुर, गंगाराम, रामपुरम, बामनपुर, अर्जुनल्ली, अटुकपल्ली, कोंडामौसम, चंदूर व तारलागुड़ा ▶▶| शेष पेज 4 पर

■ इन्द्रावती नदी का जलस्तर बढ़कर 14 .800 मीटर पहुंचा



### राजनांदगांव सहित तीन जिले बाढ़ की चपेट में, कई गांव का संपर्क टूटा

राजनांदगांव जिले सहित नवीन जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में सोमवार शाम से हो रही भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात बने हुए हैं। तीनों जिले के दो दर्जन से अधिक गांव टापू में तब्दील हो गए। राजनांदगांव शहर के मोहरा नदी में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। जिससे नदी किनारे के गांव में प्रशासन के द्वारा अलर्ट जारी कर दिया गया है। राजनांदगांव से डोंगरगांव मार्ग बंद हो गया है। कई गांव इस ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 49500 क्यूसेक पानी महानदी में डिस्चार्ज

सोमवार को जिले में हुई अतिभारी वर्षा से नदी नाले उफान पर है। मंगलवार की सुबह 8 बजे गंगरेल बांध में पानी की आवक 1.40 लाख क्यूसेक होते ही सिंचाई विभाग अलर्ट पर आ गया। बांध से पानी छोड़े जाने से पहले महानदी किनारे के गांवों में मुनादी की गई। ठीक 11:30 बजे गंगरेल बांध के 6 गेट खोले गये फिर 1:15 बजे बांध के 9 गेट के माध्यम से 50 हजार क्यूसेक पानी महानदी में फ्लड होने लगा। बांधों में पानी की आवक घटने से जिले में बाढ़ आने का खतरा टल गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को धमतरी जिले में भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया था। दोपहर 3 बजे बजे के बाद अंचल में बारिश का दौर शुरू ▶▶| शेष पेज 4 पर

### अब कमजोर हुआ सिस्टम नांदगांव में सर्वाधिक बारिश

*प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश की राहत देने के बाद सिस्टम कमजोर हो गया है। अगले चौबीस घंटे में इसका असर प्रदेश के कुछ स्थानों के साथ मध्यप्रदेश में अधिक रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में सबसे ज्यादा बारिश राजनांदगांव के लालबहादुर नगर में 24 सेमी. दर्ज की गई है। इसके अलावा प्रदेश के 38 स्टेशनों में अतिभारी और 39 स्थानों में भारी बारिश दर्ज की गई है। रायपुर में भी पिछले चौबीस घंटे में मानसून की सक्रियता नजर आई और यहां भी काफी जोरों की बारिश हुई है। दूसरे सप्ताह में सक्रिय हुए सिस्टम के बाद राज्य में अब तक 1110.7 मिमी. वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य में सरगुजा, सुकमा, जशपुर, दुर्ग और बेमेतरा जिले में वर्षा की कमी है, शेष जिले सामान्य अथवा सीजन की बारिश का कोटा पूरा कर चुके हैं।*

### दक्षिणी ओडिशा में तबाही बह गईं सड़कें, स्कूल बंद



गहरे अवदाब के कारण दक्षिण ओडिशा में मंगलवार को भारी बारिश हुई। बारिश के दौरान सड़कें बह गईं, बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और कई इलाके जलमग्न हो गए। मलकानगिरी, कोरापुट, कंधमाल, रायगड़ा, गजपति और गंजाम जिले प्रभावित हुए हैं।

### केदारनाथ में पांच तीर्थयात्रियों की मौत

उत्तराखंड में केदारनाथ जाने वाले रास्ते पर लैंडस्लाइड हुई। मलबे में दबकर 5 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हैं।

# अफसर कोचिया बनकर पहुंचे नकली शराब तस्कर तक, बिना होलोग्राम वाली 40 पेटियां मिली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग के एक अफसर ने फिल्मी स्टाइल में धरसींवा क्षेत्र में नकली शराब के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। शराब तस्करों तक पहुंचने के लिए अफसर खुद कोचिया बने और पहले एक छोटे कोचिया से संपर्क कर उससे शराब खरीदकर विश्वास में लिया। इसके बाद कोचिया के माध्यम से शराब तस्करों के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर बड़ी मात्रा में शराब खरीदी के बहाने उन्हें जाल में फंसाया और चिन्हांकित स्थल पर बुलाकर टीम के साथ घेराबंदी कर ▶▶| शेष पेज 4 पर

खास खबर

### स्प्रिट में पानी मिलाते ही बन जाती है शराब

अफसर ने बताया कि स्प्रिट बहुत ही खतरनाक है। इसे छूने से ही तेज जलन होने लगती है। उन्होंने बताया कि इस स्प्रिट से नकली शराब बनाना बहुत आसान है। स्प्रिट में पानी मिलाते ही शराब बन जाती है, जिसमें शराब का कलर देने के लिए केमिकल या रंग मिला दिया जाता है। नकली शराब पीने से लोगों की जान भी जा सकती है।

### पूछताछ में कई खुलासे होने की संभावना

विभागीय अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की गई है। इसके आधार पर आगे की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि नकली शराब बनाने के पीछे कोई गिरोह है। नकली शराब कहां-कहां बनाई जा रही है, इस गिरोह में और कितने लोग शामिल हैं, इन सब का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल इस प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम वर्ष 1915 यथा संशोधित वर्ष 2020 की धारा 34(1)क, 34(1)च, 34(1) ज, 34(2), 59(क) और धारा 36 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

▶▶| शेष पेज 4 पर

### कार्टून फेस्ट में पहुंचे सीएम, इस्माइल बने बेस्ट कार्टूनिस्ट




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्टून फेस्ट में पहुंचे। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता के रूप में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी सहित कार्टून वॉच पत्रिका के संपादक त्र्यंबक शर्मा शामिल हुए। कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी को इस वर्ष कार्टून वॉच का जीवन गौरव सम्मान प्रदान किया गया। कार्टून वॉच पत्रिका द्वारा यह आयोजन राजधानी के वीआईपी रोड स्थित एक होटल में किया गया था।

### 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले

## ऋचा को एसीएस खाद्य का भी जिम्मा रजत बने सचिव उद्योग विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





राज्य शासन ने 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों के तबादले किए गए हैं, उनमें ऋचा शर्मा एसीएस वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को एसीएस खाद्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद रजत कुमार को सचिव वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक ▶▶| शेष पेज 4 पर

### वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली से लैस वाहनों को मिलेगी छूट

# निजी वाहनों को 20 किमी तक नहीं देना होगा टोल टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस) से लैस निजी वाहनों के मालिकों से राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर रोजाना 20 किलोमीटर तक के सफर के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। एक अधिसूचना में यह प्रावधान किया गया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 में संशोधन करने की अधिसूचना जारी की। राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) संशोधन नियम, 2024 के रूप में अधिसूचित नए नियमों के तहत राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 20 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने पर ही वाहन मालिक से कुल दूरी पर शुल्क लिया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है, राष्ट्रीय परमिट रखने वाले वाहनों को छोड़कर किसी अन्य वाहन का चालक, ▶▶| शेष पेज 4 पर

हरिभूमि सरोकार



### फास्टैग होने पर भी कर सकते हैं यूज

टोल टैक्स को जीएनएसएस नामक तकनीक से वसूला जाएगा। यह तकनीक फास्टैग के साथ काम करेगी। यानी आपके पास यद ि फास्टैग है तब भी आप इस नई तकनीक को यूज सकते हैं। सड़क पर विहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया क ि उन्होंने नया तरीका निकाला है, जिससे टोल प्लाजा पर गाड़ियों को रुकने की जरूरत कम पड़े।

### दो हाईवे पर पायलट प्रोजेक्ट

जीएनएसएस बेस्ड टोल कलेक्शन सिस्टम के बारे में एक पायलट प्रोजेक्ट कर्नाटक में एनएच-275 के बेंगलुरु-मैसूर सेक्शन और हरियाणा में एनएच-709 के पानीपत-हिसार सेक्शन पर किया गया है। यह प्रयोग सफल होने के बाद पूरे देश में यह सिस्टम अपनाने की तैयारी हो रही है। इससे लोगों को जल्द ही महंगे टोल से छुटकारा मिल सकेगा।

### किसे मिलेगी छूट

अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय परमिट रखने वाले वाहनों को छोड़कर किसी अन्य वाहन का चालक या मालिक या वाहन चला रहा व्यक्ति जो राष्ट्रीय राजमार्ग, स्थायी पुल, बाईपास या सुरंग के उसी खंड का उपयोग करता है, उससे जीएनएसएस-आधारित उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह प्रणाली के तहत एक दिन में प्रत्येक दिशा में 20 किलोमीटर की यात्रा तक कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# राहुल ने की अमेरिका में सिखों को लेकर टिप्पणी, मचा बवाल

## बीजेपी नेता ने दी कोर्ट में घसीटने की धमकी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमेरिका में सिखों को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर विवाद हो गया है। बीजेपी के सिख नेता राहुल गांधी को सिखों पर उनके बयान को लेकर अदालत में घसीटने की धमकी तक दे रहे हैं। अमेरिका में सिख समुदाय के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर बीजेपी ने उनपर निशाना साधा है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष विदेश में 'संवेदनशील मुद्दों' पर बोलकर 'खतरनाक विमर्श' गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। पुरी ने कहा कि राहुल की टिप्पणी 'भयावह' है क्योंकि उन्होंने अपनी रोटियां सेकने के लिए विदेशों में रह रहे सिख समुदाय के सदस्यों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की।

### विदेश में झूठी कहानी फैला रहे

सिख समुदाय से ताल्लुक रखने वाले बीजेपी नेता ने कहा कि सिखों के पगड़ी और कड़ा पहनने के बारे में उनके द्वारा की गई टिप्पणी की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। पुरी ने कहा कि राहुल गांधी हाल में संवेदनशील मुद्दों पर बयान देते रहे हैं, जिसमें राष्ट्रीय पहचान, एकता और विविधता शामिल है। पुरी ने कहा कि मुझे लगता है कि यह कहीं अधिक भयावह है क्योंकि राहुल गांधी मेरे समुदाय के उन लोगों के सामने झूठी कहानी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं जो कड़ी मेहनत तथा ईमानदारी से अमेरिका में आजीविका कमाने की कोशिश कर रहे हैं।




केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा- विदेश में 'खतरनाक विमर्श'गढ़ने का प्रयास कर रहे एलओपी

### तो राहुल के खिलाफ करूंगा केस

भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भारत में सिखों के बारे में अपनी टिप्पणी दोहराने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि वह उन्हें अदालत में घसीटेंगे। आरपी सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शासन में दिल्ली में 1984 के दंगों के दौरान 3000 सिख मारे गए थे। दिल्ली में 3000 सिखों का नरसंहार किया गया; उनकी पगड़ियां उतार दी गईं। उनके बाल काट दिए गए और दाढ़ी मुंडवा दी गई...वह (राहुल गांधी) यह नहीं कहते कि यह तब हुआ जब वे (कांग्रेस) सत्ता में थी। आरपी सिंह ने कहा कि मैं राहुल गांधी को चुनौती देता हूं कि वह भारत में सिखों के बारे में जो कह रहे हैं उसे दोहराएं, और फिर मैं उनके खिलाफ मामला दर्ज करूंगा और उन्हें अदालत में घसीटूंगा।

### सिखों पर यह कहा था राहुल ने

वाशिंगटन के वर्जीनिया उपनगर में हर्नडॉन में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर मानता है। उन्होंने कहा कि भारत में राजनीति के लिए नहीं बल्कि इसी बात की लड़ाई लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है। लड़ाई राजनीति के बारे में नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं। या एक सिख के रूप में वह गुरुद्वारा जा सकते हैं या नहीं। लड़ाई इसी बात के लिए है और यह सिर्फ उनके लिए ही नहीं बल्कि सभी धर्मों के लिए है।

## खबर संक्षेप

### देश में हर घंटे 53 दुर्घटनाएं 19 मौतें : गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने मंगलवार को नई दिल्ली में सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के 64वें वार्षिक सम्मेलन में बोलते हुए सभी हितधारकों से दुर्घटनाओं की संख्या कम करने की कोशिशों पर भी ध्यान केंद्रित करने की अपील की। उन्होंने बताया, "हमारे देश में हर घंटे लगभग 53 दुर्घटनाएं होती हैं और 19 मौतें होती हैं। जरा सोचिए।

### भारतीय नौसेना ने रद्द की नागरिक प्रवेश परीक्षा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना में नौकरी की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों को थोड़ा इंतजार करना होगा। दरअसल भारतीय नौसेना ने ग्रुप बी और ग्रुप सी के विभिन्न पदों पर भर्ती निकाली थी। जिसकी परीक्षा 10 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित की जानी थी। लेकिन किन्हीं कारणों से यह परीक्षा कैंसिल की गई है। भारतीय नौसेना ने तकनीकी और प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए भारतीय नौसेना नागरिक प्रवेश परीक्षा रद्द कर दी है।

### एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का हुआ एक्सीडेंट



**मुंबई।** गीता गोविंदा, एनिमल जैसी बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहीं रश्मिका मंदाना का हाल ही में माइनर एक्सीडेंट हुआ है। एक्सीडेंट के बाद रिकवरी के लिए एक्ट्रेस बीते लंबे समय से डॉक्टर्स की सलाह पर घर में ही थीं। अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को अपनी हेल्थ अपडेट दी है। रश्मिका मंदाना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है, हैलो, आप सब कैसे हैं।

## भाजपा ने 21 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, दो मुस्लिम उम्मीदवारों को भी उतारा

# हरियाणा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बड़ौली का टिकट कटा, पहलवान योगेश्वर को भी ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने हरियाणा में पार्टी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की सीट राई से कृष्णा गहलावत को टिकट दिया है। बड़ौली इस सीट से वर्तमान में विधायक हैं। जुलाना में कांग्रेस की उम्मीदवार पहलवान विनेश फौगाट के सामने कैप्टन योगेश बैरागी को टिकट दिया गया है। भाजपा ने हरियाणा विधानसभा के लिए 21 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट मंगलवार को जारी कर दी। रोहतक से मनीष ग्रोवर को टिकट दिया गया है, वे पिछला विधानसभा चुनाव हार गये थे। बड़ौली और 2 मंत्रियों समेत 7 विधायकों के टिकट काटे हैं। एक सीट से उम्मीदवार बदल दिया है। पिछला चुनाव हारे 2 पूर्व मंत्रियों को फिर से टिकट दिया गया है। इससे पहले पार्टी अपनी पहली लिस्ट में 67 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। पहली लिस्ट में शामिल कुरूक्षेत्र के पिहोवा की सीट पर भाजपा ने उम्मीदवार बदला है। यहां कवलजीत अजराना की जगह जय भगवान शर्मा डीडी को टिकट दिया गया है। शर्मा का नाम मंगलवार को घोषित 21 उम्मीदवारों की सूची में शामिल है। अब तीन सीटों सिरसा, महेन्द्रगढ़ और फरीदाबाद एनआइटी में उम्मीदवार तय करना बाकी है।

- विनेश फौगाट के सामने जुलाना सीट पर कैप्टन योगेश बैरागी को प्रत्याशी बनाया



### दो मुसलमान व दो महिला उम्मीदवार

दूसरी लिस्ट में बीजेपी ने दो मुसलमानों को टिकट दिया है। मेवात के फिरोजपुर झिरका से नसीम अहमद और पुन्हाना से ऐजाज खान उम्मीदवार बनाए गए हैं। इस लिस्ट में दो महिलाओं को टिकट दिया गया है। पटौदी से विमला चौधरी और राई से कृष्णा गहलावत को मैदान में उतारा है।

### बिना टिकट मिले भरा नामांकन

महेंद्रगढ़ सीट पर संघ कार्यकर्ता कैलाश पाली बिना टिकट मिले भाजपा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन भर चुके हैं। यहां से पूर्व मंत्री राम बिलास शर्मा दावेदार हैं। यह सीट होल्ड पर रखी गई है। रेवाड़ी की बावल सीट से मंत्री बनवारी लाल का टिकट काट दिया है। उनकी जगह स्वास्थ्य निदेशक के पद से इस्तीफा देने वाले डॉ. कृष्ण कुमार को मैदान में उतारा गया है। फरीदाबाद की बड़खल सीट से शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा का टिकट काटा गया है। उनकी जगह पर धनेश अदलखा को उतारा गया है। बरोदा से पहलवान योगेश्वर दत्त की टिकट काट दी गई है। लाडवा से पिछला चुनाव लड़ने वाले पवन सैनी की सीट बदली गई है। उन्हें लाडवा की जगह नारायणगढ़ सीट से उतारा गया है। इस बार लाडवा से सीएम नायब सैनी को उम्मीदवार बनाया गया है।

### एक्टर राजकुमार राव के बहनोई सुनील राव भाजपा छोड़ आप में शामिल

*हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बिना गठबंधन के ही 29 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी आम आदमी पार्टी में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं की ज्वाइनिंग का सिलसिला जारी है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता की मौजूदगी में बीजेपी नेता सतीश यादव अपनी पार्षद पत्नी और बीजेपी चुनाव प्रबंधन कमेटी के सदस्य व अभिनेता राजकुमार राव के बहनोई सुनील राव अपने समर्थकों के साथ बीजेपी छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। सांसद संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी घोषणा कर चुकी है कि हरियाणा का चुनाव पूरी मजबूती के साथ सभी 90 सीटों पर लड़ेंगी।*

# टाटा मोटर्स ने ईवी वाहनों के दाम तीन लाख रुपए तक घटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

त्योहारी सीजन में बिक्री बढ़ाने के लिए टाटा मोटर्स ने पेट्रोल और डीजल गाड़ियों की कीमत में कमी करने के बाद आज इलेक्ट्रिक गाड़ियों के दाम घटाने का भी ऐलान किया है। आपको बता दें कि टाटा मार्टर्स ने टीआगो.ईवी, पंच.ईवी, पंच.ईवीऔर नेक्सन.ईवी की कीमतों में कमी की है। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, नेक्सन.ईवी की कीमतों में 3 लाख और पंच.ईवी की कीमत में 1.20 लाख तक की कटौती की गई है। इसके साथ ही कंपनी के ग्राहक देश भर में 5,500 से ज़्यादा टाटा पावर चार्जिंग पॉइंट से 6 महीने की निःशुल्क चार्जिंग का आनंद ले सकते हैं। त्यौहारी ऑफर 31 अक्टूबर 2024 तक उपलब्ध है। इलेक्ट्रिक ऑटोमोटिव समाधान देने वाली कंपनी ईवीएफवाय ने अपना पहला इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन दिल्ली-NCR में खोला है। आपको बता दें कि यह चार्जिंग स्टेशन सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) पर खोला गया है। इस चार्जिंग स्टेशन में डुअल गन क्षमता, यूजर्स इंटरैक्शन और सेफ्टी के लिए आरएफआईडी के साथ एक डिजिटल डिस्प्ले और 120 केवी, 60 केवी और 7.4 केवी का पावर आउटपुट है, जो दो, तीन और चार पहिया वाहनों सहित ईवी मॉडल की एक विस्तृत श्रृंखला की सर्विस दे सकती है।




### नेक्सॉन ईवी के दाम तीन व पंच ईवी के 1.2 लाख घटाए

### ईवी से मिलेगी भारत की ऑटो इंडस्ट्री को रफ्तार

इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के मुताबिक भारत की घरेलू ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री वित्त वर्ष 24 में 20 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2047 तक 1.6 ट्रिलियन डॉलर ( 134 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच सकती है। ऑटो इंडस्ट्री के तेजी से बढ़ने की वजह इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के चलन में इजाफा बताया जा रहा है। डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस में इन-स्पेस के चेयरमैन पवन गोयनका ने कहा कि देश में ऑटोमोटिव इंडस्ट्री तेज वृद्धि के लिए तैयार है और 2047 तक 32 ट्रिलियन के जीडीपी लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

**कानपुर के बाद अब राजस्थान में हादसा होते बचा**

# अब अजमेर में ट्रेन पलटाने की हुई कोशिश! 70 किलो के सीमेंट ब्लॉक रखे

एजेंसी ▶▶| अजमेर

राजस्थान के अजमेर में एक बड़ा हादसा होने से बच गया। यूपी के कानपुर की तरह यहां भी ट्रेन को पलटाने की कोशिश की गई थी। सराधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच बदमाशों ने ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश की गई। यहां बदमाशों ने दो जगहों पर ट्रैक पर करीब 70-70 किलो के सीमेंट ब्लॉक रख दिए। शुक्र है कि फुलेरा से अहमदाबाद जा रही मालगाड़ी इन ब्लॉकों को तोड़ते हुए निकल गई। इस घटना से कोई हादसा नहीं हुआ।घटना की



सूचना 8 सितंबर की रात 10:36 बजे मिली। तुरंत कार्रवाई करते हुए, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और डीएफसीसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक किलोमीटर तक सीमेंट के टुकड़े बिखरे पड़े हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

### राजस्थान में तीसरी बार ट्रेन पलटाने की साजिश

*मांगलियावास थाने में मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बता दें कि राजस्थान में ये एक महीने में तीसरी ऐसी घटना है, जिसमें ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश रची गई। इससे पहले 28 अगस्त को बारां के छबड़ा में ट्रैक पर बाइक का स्क्रैप मिला था। वहीं, 23 अगस्त को पाली में अहमदाबाद-जोधपुर वंदे भारत ट्रैक पर रखे सीमेंट ब्लॉक से टकरा गई थी।*

# महिला अधिकारी ने विंग कमांडर पर लगाया बलात्कार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना की महिला अधिकारी ने जम्मू-कश्मीर में एक वायुसैन्य अड्डे पर एक विंग कमांडर के खिलाफ बलात्कार, मानसिक प्रताड़ना और लगातार पीछा करने का आरोप लगाया है। वर्तमान में महिला अधिकारी और विंग कमांडर दोनों श्रीनगर वायुसैन्य अड्डे पर तैनात हैं। वायुसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस घटना के संबंध में वायुसेना को



जानकारी मिली है। फिलहाल बल ने मामले की आंतरिक स्तर पर जांच शुरू कर दी है। साथ ही वायुसेना का यह भी कहना है कि वो इस प्रकरण को लेकर बडगाम पुलिस को पूरी तरह से सहयोग करेगी।

### पुलिस ने वायुसेना को किया संपर्क

एक ओर वायुसेना ने इस संवेदनशील मामले की आंतरिक जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा वह बडगाम पुलिस को भी इस प्रकरण में हर प्रकार की सहायता प्रदान करेगी। एफआईआर के मुताबिक, बडगाम पुलिस ने जांच के लिए संबंधित वायु सैन्य अड्डे से संपर्क किया था। मामले को लेकर वायुसेना स्थानीय पुलिस को पूरा सहयोग कर रही है। 2021 में वायुसेना की एक महिला पायलट ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का रुख किया था। इसमें उसने बल के फ्लाइट कमांडर के खिलाफ शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769

**यात्रा का उद्देश्य पहली बार निजी तौर पर अंतरिक्ष में चहलकदमी करना**

# स्पेसएक्स की पहली निजी 'स्पेसवॉक' उड़ान, उद्योगपति इसाकमैन रवाना



एजेंसी ▶▶| केप केनावेरल

उद्योगपति जेयर्ड इसाकमैन ने मंगलवार को एक बार फिर अंतरिक्ष में जाने का साहस दिखाया और उनकी इस अंतरिक्ष यात्रा का उद्देश्य पहली बार निजी तौर पर अंतरिक्ष में चहलकदमी करना है। इसाकमैन ने अपनी पिछली चार्टर्ड उड़ान के विपरीत इस बार स्पेसएक्स के साथ लागत साझा की है, जिसमें नए स्पेससूट विकसित करना और उनका परीक्षण करना शामिल है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो यह पहली बार होगा जब निजी नागरिक अंतरिक्ष में चहलकदमी (स्पेसवॉक) करेंगे, लेकिन वे कैप्सूल से दूर नहीं जाएंगे। 'स्पेसवॉक' को अंतरिक्ष उड़ान के सबसे जोखिम भरे हिस्सों में से एक माना जाता है। पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने 1965 में अपने अंतरिक्षयान का हैच खोला था और इसके बाद अमेरिका ने ऐसा किया था। तब से निजी अंतरिक्षयात्रियों के लिए यह रुचि वाला क्षेत्र रहा है।

### इसाकमैन के साथ ये भी शामिल

इसाकमैन दो स्पेसएक्स इंजीनियर और एक पूर्व वायु सेना थंडरबर्ड्स पायलट के साथ, फ्लोरिडा से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर सवार होकर तड़के रवाना हुए। इस पांच दिवसीय अंतरिक्ष यात्रा के बीच में बुधवार रात या बृहस्पतिवार को कभी उनकी 'स्पेसवॉक' प्रस्तावित है। अंतरिक्षयात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से आगे 870 मील (1,400 किलोमीटर) की ऊंचाई तक की यात्रा कर रहे हैं, जो 1966 में नासा के प्रोजेक्ट जेमिनी के दौरान स्थापित रिकॉर्ड को पार कर जाएगी। केवल चंद्रमा तक पहुंचने वाले 24 अपोलो अंतरिक्ष यात्रियों ने इससे आगे की यात्रा की है। योजना उस ऊंचाई पर 10 घंटे बिताने की है जहां अत्यधिक विकिरण और मलबा हो सकता है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट। 36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311। Makeover — मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. जाऊलकर — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर), कोक्लियर इम्प्लांट एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल — ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — सेन्ट्रल एवेन्यू, चौबे कालोनी, प्रगति कॉलेज, रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551 — समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल — श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे — मो. 7991031330, मो. 0771-4347172 — (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध)

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर) — फोन: 91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329110107

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — मो. 9977247553 — नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304 — 17, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी रायपुर

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर — मो. 7999450384, 7042974029 — सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर, बुधवार 11 सितंबर 2024 भाद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी | वर्ष : 23, अंक : 56 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# खुले बाजार में सीमेंट के रेट में गिरावट, पर नान ट्रेड सीमेंट अब भी महंगा, सरकारी योजनाओं पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि लगातार

प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने सीमेंट की कीमत अचानक 50 रुपए बढ़ाने के बाद अब चौतरफा दबाव और सियासी उबाल के बाद खुले बाजार में बिकने वाले सीमेंट की कीमत 35 रुपए तक कम कर दी गई है, लेकिन सरकारी कामों में लगने वाले नान ट्रेड सीमेंट की कीमत में फूटी कौड़ी की कमी नहीं की गई है। सरकारी काम करने वाली देश की सबसे बड़ी संस्था बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के रायपुर सेंट्रल के अध्यक्ष रूपेश कुमार सिंघल का कहना है, नान ट्रेड सीमेंट की कीमत बढ़ने से प्रदेश के साथ देश भर की सरकारी योजनाओं पर इसका असर पड़ेगा और सरकारी ⏭ शेष पेज 4 पर


चौतरफा दबाव और सियासी उबाल के बीच 25 से 35 रुपए घट गए सीमेंट के दाम

**चिल्हर में कीमत 340 रुपए तक**

खुले बाजार में थोक में भले सीमेंट की कीमत 310 रुपए तक है, लेकिन चिल्हर में यह 340 रुपए तक बिक रहा है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि ज्यादातर बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले कारोबारी खाली बैठे हैं, क्योंकि डिमांड ही नहीं है। ⏭ शेष पेज 4 पर

## नान ट्रेड की कीमत हो कम

सरकारी कामों में लगने वाले सीमेंट को नान ट्रेड कहा जाता है। इसकी कीमत पहले 210 रुपए थी इसको 260 रुपए कर दिया गया है। लेकिन इसकी कीमत में एक पैसे की कमी नहीं की गई है। बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के रायपुर सेंट्रल के अध्यक्ष रूपेश कुमार सिंघल का कहना है, सीमेंट कंपनियों की मनमर्जी के कारण छत्तीसगढ़ के साथ ही देश के हर राज्य में चल रही सरकारी योजनाओं की लागत बढ़ जाएगी। छत्तीसगढ़ से सीमेंट देश के कई राज्यों में जाता है। ऐसे में सबसे अहम यह है कि नान ट्रेड सीमेंट की कीमत कम होना चाहिए। इसको लेकर प्रदेश सरकार के साथ ही केंद्र सरकार को भी पहल करते हुए सीमेंट कंपनियों पर कीमत को लेकर अंकुश लगाने का काम करना चाहिए। कंपनियां कभी भी कीमत बढ़ा देती है जिसके कारण योजनाओं पर बड़ा असर पड़ता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मेट्रो में इस साल चोरी के चार हजार मामले सामने आए



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो में पिछले वर्ष की तुलना में कम से कम 242 मामलों की वृद्धि के साथ इस वर्ष अब तक 3,952 चोरी के मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले साल आठ सितंबर तक दिल्ली मेट्रो में चोरी के कम से कम 3,709 मामले दर्ज किए गए थे।

### भारतीय लेखक अमिताव घोष को अवार्ड



**लंदन।** प्रसिद्ध भारतीय लेखक अमिताव घोष का नाम 'ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज फॉर ग्लोबल कल्चरल अंडरस्टैंडिंग 2024' के संभावित विजेताओं में चुना गया। यह कथेतर (नॉन फिक्शन) साहित्य के क्षेत्र में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है।

### पांचवां आदमखोर भेड़िया पकड़ा गया



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के करीब 50 गांवों में आतंक का पर्याय बने आदमखोर भेड़ियों के झुंड में शामिल पांचवें भेड़िये को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। अब इस झुंड का एक ही भेड़िया पकड़ से बाहर है।

### माकपा नेता सीताराम येचुरी की हालत गंभीर



**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी की हालात गंभीर बनी हुई है। उन्हें दिल्ली एम्स के आईसीयू में रेस्पिरेटरी सपोर्ट पर रखा गया है। येचुरी को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी।

# सुप्रीम कोर्ट की डेडलाइन के बावजूद काम पर नहीं लौटे डॉक्टर, किया राजभवन कूच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/कोलकाता

*कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले को लेकर पिछले कई दिनों से डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। इस बीच, कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के डॉक्टर सुप्रीम कोर्ट की डेडलाइन के बावजूद काम पर नहीं लौटे, साथ ही डॉक्टरों ने कोलकाता में स्वास्थ्य भवन के पास विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान राजभवन की ओर कूच किया।*

**डॉक्टरों की ये पांच मांगें**

- बंगाल के स्वास्थ्य सचिव का इस्तीफा
- स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक का इस्तीफा
- कोलकाता पुलिस कमिश्नर का इस्तीफा
- प.बंगाल के हर मेडिकल कॉलेज में पेशेंट सर्विस शुरू करना
- अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरा लगवाना, मरीजों की सेवाओं में सुधार शामिल

आरजी कर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल खत्म करने के लिए पांच मांगें रखीं हैं। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि जब तक उनकी ये पांच मांगें नहीं मानी जाएंगी, वे हड़ताल जारी रखेंगे। इन पांच मांगों में बंगाल के स्वास्थ्य सचिव और कोलकाता पुलिस कमिश्नर का इस्तीफा भी शामिल है।

आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार शाम 5 बजे तक काम पर लौटने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की अवज्ञा करते हुए कहा कि वे अपनी मांगें पूरी होने और आरजी कर अस्पताल घटना की पीड़िता को न्याय मिलने तक ड्यूटी पर नहीं जाएंगे। शीर्ष अदालत ने एक दिन पहले, प्रदर्शनकारी रेजिडेंट डॉक्टरों को मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का निर्देश देते हुए कहा था कि ऐसा करने पर उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी। न्यायालय ने यह निर्देश पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा यह आश्वासन दिए जाने के बाद दिया कि काम पर लौटने पर प्रदर्शनकारी चिकित्सकों के खिलाफ दंडात्मक तबादलों सहित कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। आंदोलनकारी चिकित्सकों में से एक ने कहा, हमारी मांगें पूरी नहीं होने के कारण हम काम बंद रखेंगे। हमने राज्य सरकार को कोलकाता ⏭ शेष पेज 4 पर

## डॉक्टरों ने स्वास्थ्य भवन के पास किया विरोध प्रदर्शन

### सुप्रीम कोर्ट का क्या था आदेश

9 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि डॉक्टर वापस काम पर लौटें। हम उन्हें दी जाने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। यदि, वो ऐसा करने से इंकार करते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि सभी डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी माहौल बनाए जाएं, ताकि अलग-अलग ड्यूटी रूम, शौचालय की सुविधा, सीसीटीवी कैमरे लगाने की व्यवस्था शामिल है। कोर्ट का कहना था कि इससे पहले डॉक्टरों को सबसे पहले काम पर लौटना चाहिए और उन्हें काम पर वापस आकर अपना काम पूरा करना चाहिए।



### स्वास्थ्य विभाग तक निकाली रैली

कोलकाता में विरोध प्रदर्शन कर रहे डॉक्टर साल्ट लेक में बंगाल के स्वास्थ्य विभाग के भवन तक रैली निकाली। इस दौरान डॉक्टरों का कहना है जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, हम यहीं धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, इस मामले की जल्द से जल्द जांच कर इसके मोटिव के बारे में जानकारी सार्वजनिक की जाए। डॉक्टरों की रैली को देखते हुए कोलकाता पुलिस ने रास्ते में बैरिकेडिंग लगाई गई थी।

### इधर, आरजी कर के 51 डॉक्टरों को नोटिस

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ने धमकी की संस्कृति को बढ़ावा देने और संस्थान के लोकतांत्रिक माहौल को खतरे में डालने के लिए 51 डॉक्टरों को नोटिस जारी किया है। उन्हें 11 सितंबर को जांच समिति के समक्ष पेश होने के लिए कहा है। अस्पताल के अधिकारियों द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि उन्हें समिति के समक्ष अपनी बेगुनाही साबित करनी होगी। आरजी कर अस्पताल की विशेष परिषद समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, उन 51 डॉक्टरों के लिए संस्थान के परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित है, जब तक कि जांच समिति द्वारा उन्हें नहीं बुलाया जाता। अस्पताल के प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित नोटिस में कहा गया है इन डॉक्टरों के कॉलेज की गतिविधियों में भाग लेने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। सूची में वरिष्ठ रेजिडेंट, हाउस स्टाफ, इंटर्न और प्रोफेसर शामिल हैं। आरजी कर अस्पताल में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर की मौत के बाद नौ अगस्त से जूनियर डॉक्टर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

# नौकरी के नाम पर लिए करोड़ों रुपए धरे गए दो आरोपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडी

**वीआईपी नंबर की डस्टर जब्त**

खुद को मोहम्मद अकबर का भांजा बताकर बालोद जिलेभर के कई लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों रुपए लेने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मदार खान उर्फ सलीम खान एवं प्रदीप ठाकुर को डौंडी पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार कर डौंडी थाना लाकर कड़ी पूछताछ की। इसके बाद दोपहर को राजहरा सीएसपी, डौंडी थाना प्रभारी और महामाया थाना प्रभारी के कड़ी निगरानी में उच्चाधिकारियों से राय लेकर जिला जेल भेजा दिया है। गौरतलब है कि शिक्षक दिवस के एक दिन पूर्व घोटिया निवासी हेड मास्टर ⏭ शेष पेज 4 पर

### डस्टर कार जब्त

आरोपी मदार खान के साथ उसकी डस्टर कार को भी जब्त की गई है। आरोपियों को आज दोपहर पुलिस की कड़ी निगरानी में पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों से परामर्श लेकर जिला जेल दाखिल कराया गया। आपको बता दें कि डौंडी थाना में मंगलवार का भी कुछ पीड़ित अपना बयान दर्ज कराने उपस्थित थे। जिन्होंने बताया आरोपित मदार खान के पास चार वीआईपी वाहन क्रेटा, इनोवा, डिजायर व डस्टर कार है। सभी में वीआईपी नंबर लिखा ⏭ शेष पेज 4 पर

**प्राचार्य पर कार्रवाई की तैयारी**

# छात्राओं ने कहा- बीयर नहीं पी, केवल बोतल लहराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी क्षेत्र के भटचौरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में छात्राओं द्वारा आयोजित बीयर पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक जांच समिति गठित की है। यह घटना 29 जुलाई की बताई जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने बताया कि वीडियो में छात्राओं के पास बीयर की बोतलें और अन्य ड्रिंक्स की बोतलें दिखाई दे रही हैं। वे बीयर का सेवन करते हुए भी नजर आ रही हैं। हालांकि, छात्राओं ने जांच समिति के सामने कहा है कि उन्होंने केवल बीयर की ⏭ शेष पेज 4 पर

- भटचौरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पहुंची जांच टीम

### छात्राओं के पालकों को नोटिस

छात्राओं से मिले बयानों के अनुसार, उन्होंने बीयर की बोतलें लहराने की बात स्वीकार की है, लेकिन सेवन की बात से इनकार किया है। स्कूल में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्राचार्य और संस्था प्रमुख पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, घटना में शामिल छात्राओं के पालकों को भी नोटिस भेजा जाएगा।

## महिला कांग्रेस का हल्ला बोल...



**रायपुर।** महिला सुरक्षा को लेकर महिला कांग्रेस मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकली। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेस नेत्रियों को बैरिकेड्स लगाकर रोका। इस पर पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर धक्कामुक्की और झूमाझटकी देखने को मिली।

**छात्रों का उग्र प्रदर्शन**

# मणिपुर में फिर बिगड़े हालात दो जिलों में कर्फ्यू, इंटरनेट बंद

एजेंसी ⏭ इंफाल

मणिपुर में हालात फिर बिगड़ गए हैं। दो जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है, वहीं सरकार ने छात्रों के उग्र आंदोलन के बीच पूरे राज्य में इंटरनेट सेवा पांच दिन के लिए निलंबित कर दी। मणिपुर सरकार ने छात्रों के विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर इम्फाल पूर्व और इम्फाल पश्चिम जिलों में कर्फ्यू लगा दिया है। थौबल में निषेधाज्ञा लागू की है। तस्वीर, नफरती भाषण रोकने इंटरनेट बंद की गई।

- आंदोलन के दौरान पुलिस से भिड़े छात्र



### गृह मंत्री शाह का पुतला फूंका

ख्वारमबंद महिला बाजार में डेरा डाले सैकड़ों छात्र बी टी रोड के जरिये राजभवन की ओर बढ़ने करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें कांग्रेस भवन के पास रोक दिया। मणिपुर विश्वविद्यालय के छात्रों ने विरोध रैली निकाली और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला भी फूंका।

**पैरालंपिक विजेताओं को पुरस्कार**

# गोल्ड विजेता को 75 लाख सिल्वर को मिलेंगे 50 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल में संपन्न पेरिस पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों के लिए मंगलवार को नकद पुरस्कार की घोषणा की जिसमें स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपए दिए जाएंगे। तीरंदाज शीतल देवी की तरह मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 22.5 लाख रुपए मिलेंगे। यहां पदक विजेताओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित भव्य समारोह में खेल मंत्री ने यह घोषणा की।



### पैरालंपिक में जीते 29 पदक

भारत ने पेरिस पैरालंपिक में अपने ऐतिहासिक अभियान का समापन 29 पदकों के साथ किया जिसमें सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं जो प्रतियोगिता के इतिहास में देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

**पदकों का अर्धशतक पार:** भारत ने अपने शानदार प्रदर्शन के साथ पैरालंपिक खेलों के इतिहास में 50 पदकों का आंकड़ा भी पार कर लिया। पैरालंपिक पदक विजेताओं का मंगलवार को यहां स्वदेश वापस लौटने पर सैकड़ों प्रशंसकों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया।

### भारत ने तोड़ा टोक्यो का रिकॉर्ड

भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक सबसे सफल पैरालंपिक साबित हुआ है। टोक्यो पैरालंपिक 2020 इससे पहले भारत का सबसे सफल पैरालंपिक रहा था। उसमें भारत ने 54 एथलीट्स भेजे थे और 19 पदक जीतने में कामयाब रहे थे। इनमें पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक शामिल थे। भारत ने 20वां पदक जीतते ही टोक्यो पैरालंपिक का रिकॉर्ड तोड़ दिया था।



## चिंतन

# शोध और अनुसंधान को बढ़ावा देने की जरूरत

अनुसंधान और शोध विकास (आरएंडडी) में भारत का निवेश दुनिया के प्रमुख देशों के मुकाबले बहुत कम है। आजादी के बाद, इसरो, सीएसआईआर, आईसीएमआर, आईसीएआर, डीआरडीओ, सी-डैक, एनडीआरआई, आईआईटी, आईआईएससी आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थान होने के बावजूद भारत के आरएंडडी क्षेत्र में काफी कम निवेश हो रहा है। भारत अभी आरएंडडी पर करीब 20 अरब डॉलर सालाना खर्च कर रहा है। जीडीपी का करीब आधा प्रतिशत ही खर्च कर रहा है। जिसके कारण भारत उदारीकरण का पूर्ण लाभ लेने से वंचित रह गया। मुक्त बाजार व्यवस्था और वैश्वीकरण के बाद भारत एक बड़े बाजार के रूप में उभरा, यदि आरएंडडी व विनिर्माण में मजबूत रहता तो एक खिलाड़ी बनकर उभरता। केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार आने के बाद आरएंडडी पर ध्यान दिया गया है, धीरे-धीरे भारत इस क्षेत्र में पांव जमा रहा है। जब मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल अभियान शुरू किया, तब सरकार को जमीनी स्तर पर महसूस हुआ कि इन अभियानों की सफलता के लिए भारत को आरएंडडी सेक्टर में अधिक निवेश करना होगा। विकसित भारत का लक्ष्य भी इसी रास्ते से गुजरेगा। उसके बाद मोदी सरकार ने वर्ष 2024 के अंतरिम बजट में शोध व अनुसंधान के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये के बजट कोष का ऐलान किया। हाल ही में कृषि व संबंद्ध क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार ने 14 हजार करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की। देश में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) का गठन किया है। एएनआरएफ की शासी निकाय की पहली बैठक में पीएम मोदी ने देश के वैज्ञानिक समुदाय को भरोसा दिया है कि आरएंडडी के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने देश के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने कीबात कही। कोरोना महामारी के वक्त टीका बनाकर व उत्पादन कर भारत ने अपनी क्षमता से विश्व को परिचित कराया। सबसे कम खर्चे में भारत ने चंद्रयान, मंगलयान, उपग्रह लांचिंग, मिसाइल आदि क्षेत्र में लोहा मनवाया है। अभी भारत ने रूस के साथ मिलकर स्पेस में अपना स्टेशन बनाने में कदम बढ़ाने का फैसला किया है। भारत में शोध के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, विकसित भारत बनना है तो उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बादशाहत जरूरी है, दूसरे के भरोसे केवज बाजार ही बना रहेगा। भारत को विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिदृश्य और अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों के पुनर्डिजाइन के बारे में विचार करना होगा। भारत को फार्मा, ग्रीन एनर्जी, सेमीकंडक्टर, नैनोटेक, बायोटेक, डिजिटेक, स्पेस साइंस, साइबर हथियार, पर्यावरण अनुकूल विकास मॉडल आदि क्षेत्र में अत्यधिक शोध की आवश्यकता है। लोगों के जीवन को सुरक्षित व आसान बनाने वाले संसाधनों के क्षेत्र में अधिक शोध व निवेश की आवश्यकता है। एएनआरएफ, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) गतिशीलता, उन्नत सामग्री, सौर सेल, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रौद्योगिकी, सतत कृषि और फोटोनिक्स जैसे चुनिंदा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में मिशन मोड में समाधान-केंद्रित अनुसंधान पर कार्यक्रम शुरू करेगा। जय विज्ञान का नारा तभी सफल होगा, जब भारत विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में उपभोक्ता नहीं, खिलाड़ी बनकर उभरेगा। इसके लिए सरकारी के साथ निजी क्षेत्र को भी आरएंडडी में निवेश बढ़ाना होगा और सरकारी अवरोधकों को हटाना होगा।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# घरेलू बचत बढ़ाने का नया परिदृश्य

इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश में आम आदमी का पहला आर्थिक और वित्तीय सहारा कही जाने वाली घरेलू बचत में लगातार कमी आने का चिंताजनक रुझान दिखाई दे रहा है। घटती हुई घरेलू बचत के खतरे को भांपते हुए हाल ही में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में कहा कि बैंकों द्वारा जमा राशि बढ़ाने के लिए ऐसी आकर्षक ब्याज योजना लाई जानी चाहिए, जिससे बैंकों में सेविंग्स की धनराशि में तेज इजाफा हो सके। इसी परिप्रेक्ष्य में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने जमा बढ़ाने के लिए अमृत वृद्धि योजना शुरू की है। इस समय देश में विभिन्न बैंकों के द्वारा जमा योजनाओं को आकर्षक बनाए जाने का नया परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

हाल ही में प्रकाशित घरेलू बचत संबंधी आंकड़ों के मुताबिक घरेलू बचत वर्ष 2006-07 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 18 फीसदी के स्तर थी, वह प्रतिवर्ष घटते हुए 2023-24 में जीडीपी के 5.2 फीसदी से भी कम स्तर पर पहुंच गई है और यह पिछले पांच दशकों में सबसे कम स्तर पर है, जबकि चीन में पिछले एक दशक से घरेलू बचत दर औसतन 35 फीसदी के आसपास है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश में आम आदमी का पहला आर्थिक और वित्तीय सहारा कही जाने वाली घरेलू बचत में लगातार कमी आने का चिंताजनक रुझान दिखाई दे रहा है।

घटती हुई घरेलू बचत के खतरे को भांपते हुए हाल ही में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में कहा कि बैंकों के द्वारा जमा राशि बढ़ाने के लिए ऐसी आकर्षक ब्याज योजना लाई जानी चाहिए, जिससे बैंकों में सेविंग्स की धनराशि में तेज इजाफा हो सके। इसी परिप्रेक्ष्य में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने जमा बढ़ाने के लिए अमृत वृद्धि योजना शुरू की है, जो जमा के प्रोत्साहन के मद्देनजर आकर्षक दिखाई दे रही है। ऐसे में इस समय देश में विभिन्न बैंकों के द्वारा जमा योजनाओं को आकर्षक बनाए जाने का नया परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि घरेलू बचत किसी व्यक्ति की आय की वह शेष राशि है, जो उपभोग आवश्यकताओं और विभिन्न वित्तीय देनदारियों के भुगतान के बाद बचती है। घरेलू बचत को बैंक और गैर बैंक जमा, जीवन बीमा निधि, भविष्यनिधि और पेंशननिधि, पोस्ट ऑफिस की छोटी बचत योजनाओं तथा अन्य वित्तीय उपकरणों में निवेश किया जाता है। स्थिति यह है कि घरेलू बचत में गिरावट सरकार की भी चिंता का कारण बन गई है। राष्ट्रीय लघु बचत प्राप्तियों के लिए इस वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में 14.77 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। लेकिन 23 जुलाई को पेश किए गए वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट में लघु बचतों से प्राप्ति के अनुमान को घटाकर 14.20 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

चूंकि सरकार अपने राजकोषीय घाटे को पाटने के लिए लघु बचत योजनाओं के तहत संग्रह राशि का भी उपयोग करती है। निःसंदेह शताब्दियों से भारत एक ऐसा देश रहा है जहां लोग कमाई का एक हिस्सा भविष्य के लिए घरेलू बचत के रूप में बचाकर रखते रहे हैं। लेकिन अब इस बचत की प्रवृत्ति में बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है। लोगों के द्वारा आवास, वाहन, शिक्षा तथा अच्छे आरामदायक जीवन के लिए विभिन्न प्रकार के कर्ज लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। जहां परिवारों की वित्तीय देनदारियां बढ़ने से घरेलू बचत सीधे तौर पर कम हुई है, वहीं आय के एक हिस्से का इस्तेमाल विभिन्न प्रकार के ऋणों के ब्याज के भुगतान के लिए भी किए जाने से घरेलू बचत कम हुई है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में लघु बचत योजनाओं के तहत जो 40 करोड़ से अधिक बचतकर्ता हैं, उनके द्वारा भी विभिन्न लघु बचत योजनाओं में तुलनात्मक रूप से कम ब्याज मिलने के कारण निवेश में कमी आई है। प्रमुख रूप से राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), किसान विकास पत्र (केवीपी) और सुकन्या समृद्धि



खाता जैसी अन्य योजनाओं के तहत कम निवेश प्राप्त हो रहा है। देश में बदली हुई आयकर व्यवस्था के कारण भी आयकरदाताओं द्वारा की जाने वाली घरेलू बचत में कमी आ रही है। इस समय देश में आयकर भुगतान की पुरानी और नई दो कर रिजीम हैं। इस समय ज्यादातर आयकरदाता नई कर रिजीम अपना रहे हैं।

ज्ञातव्य है कि इस वर्ष 31 जुलाई तक आयकर आकलन वर्ष 2024-25 के लिए दाखिल किए गए कुल 7.28 करोड़ आईटीआर में से नई कर रिजीम के तहत 5.27 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं। वहीं पुरानी कर रिजीम में दाखिल रिटर्न की संख्या 2.01 करोड़ है। इस प्रकार लगभग 72 प्रतिशत करदाताओं ने नई कर व्यवस्था को चुना है। स्पष्ट है कि नई कर व्यवस्था से बचत व निवेश की जगह उपभोग खर्च बढ़ाने की प्रवृत्ति को अधिक प्रोत्साहन मिल रहा है। ऐसा नहीं है कि घरेलू बचत में कमी का कारण देश में लोगों की आय में कमी आना है। वस्तुतः भारत में प्रतिव्यक्ति आय तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2014-15 में जो प्रति व्यक्ति आय 86,647 रुपये थी, वह 2023-24 में करीब 2.28 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई है। इस तरह तेजी से बढ़ी आय के साथ अब बड़ी संख्या में लोग अपनी बचत का ऐसी जगह पर निवेश कर रहे हैं, जहां उनको ज्यादा ब्याज और ज्यादा रिटर्न मिल रहा है। लोगों की बचत का तेज प्रवाह शेयर बाजार, म्युचुअल फंड, रियल एस्टेट, महंगे वाहनों, सोने एवं बहुमूल्य धातुओं की खरीदी और आरामदायक व विलासिता के सामानों की ओर बढ़ रहा है। देश के बढ़ते शेयर बाजार में भी तेज रिटर्न मिल रहा है। जुलाई 2024 में भारतीय शेयर बाजार का आकार 5.5 ट्रिलियन डॉलर हो गया है और भारत का शेयर बाजार दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है। बड़ी संख्या में लोगों के कदम म्युचुअल फंड की ओर बढ़े हैं। जून 2024 तक म्युचुअल फंड के लिए डीमैट खातों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से बढ़कर 16.2 करोड़ हो गई है। विभिन्न आर्थिक एवं वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में भी इस बात का विश्लेषण किया जा रहा है कि लोगों को घरेलू बचत की योजनाओं तथा बैंकों में बचत की धनराशि जमा करने से मिलने वाले रिटर्न की तुलना में शेयर बाजार, म्युचुअल फंड और अन्य भौतिक सम्पत्तियों में निवेश करने से अधिक रिटर्न मिल रहा है। अतएव घरेलू बचत में कमी आ रही है। यद्यपि घरेलू बचत के घटने की स्थिति चिंताजनक है, लेकिन घरेलू बचत का घटना किसी पारिवारिक या सामाजिक वित्तीय संकट की आहट नहीं है।

रिजर्व बैंक के मुताबिक देश में परिवारों की वित्तीय देनदारियों में वृद्धि के बावजूद, परिवारों की बैलेंसशीट बेहतर बनी हुई है। मार्च 2023 के अंत में परिवारों की वित्तीय संपत्तियां उनकी देनदारियों की तुलना में 2.7 गुना थीं। भारतीय परिवारों का ऋण सेवा बोझ यानी आय के प्रतिशत के रूप में ब्याज का भुगतान मार्च 2021 में 6.9 प्रतिशत से घटकर मार्च 2023 में 6.7 प्रतिशत रह गया, जो वैश्विक स्तर पर भी सराहनीय है। हम उम्मीद करें कि हाल ही में वित्तमंत्री और रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों को तत्परतापूर्वक घरेलू बचतों के निवेश को आकर्षक और जोखिम रहित बनाने के लिए जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उनके मद्देनजर सभी बैंक अपनी बचत योजनाओं को आकर्षक बनाएंगे। बैंकों के द्वारा कुछ इनोवेटिव और आकर्षक पोर्टफोलियो लाए जाएंगे और जमा प्राप्त करने के नए बाजार तलाशे जाएंगे। वित्त मंत्रालय के द्वारा घरेलू बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव हेतु समीक्षा करके ब्याज दरों में उपयुक्त वृद्धि की जाएगी। निश्चित रूप से ऐसे रणनीतिक प्रयासों से घटती हुई घरेलू बचत में वृद्धि की जा सकेगी और इससे आम आदमी के परिवारों की मुस्कुराहट बढ़ाते हुए अर्थव्यवस्था के लिए भी अधिक निवेश का प्रबंधन कर सकते हैं।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## शिकागो भाषण

डॉ. पवन सिंह



# स्वामी विवेकानंद जिनमें सब-कुछ सकारात्मक है

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ व्याख्यानों में से एक, स्वामी विवेकानंद के भाषण की तारीख 11 सितंबर। क्या था वो भाषण जिसने अमेरिका को ही नहीं, पूरे पश्चिम को भारत का मुरीद बना दिया। नरेंद्र नाथ दत्त, जिन्हें पूरा विश्व विवेकानंद के नाम से याद करता है। 11/9 के उस दिन भारत के एक युवा संन्यासी ने पश्चिम के सूट-बूट वालों को बौना साबित किया था। क्योंकि उस दिन सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया गया था। सितंबर 11 को न्यूयार्क के लिए नहीं, शिकागो के लिए याद किया जाना चाहिए। विध्वंस के लिए नहीं विश्व शांति के लिए याद किया जाना चाहिए। आतंकवाद के लिए नहीं, सनातन संवाद के लिए याद किया जाना चाहिए। लादेन के लिए नहीं, नरेंद्र के लिए याद किया जाना चाहिए।

**शब्दों के जादूगर:** विवेकानंद के संवाद का ये जादू शब्दों के पीछे छिपी चिर-पुरातन भारतीय संस्कृति, सभ्यता, अध्यातम व उस युवा के त्यागमय जीवन का था, जो शिकागो से निकला व पूरे विश्व में छा गया। उस भाषण को आज भी दुनिया भुला नहीं पाती। इस भाषण से दुनिया के तमाम पंथ आज भी सबक ले सकते हैं। इस अकेली घटना ने पश्चिम में भारत की एक ऐसी छवि बना दी, जो आजादी से पहले और इसके बाद सैकड़ों राजदूत मिलकर भी नहीं बना सके। अमेरिकी प्रेस ने विवेकानंद को उस धर्म संसद की महानतम विभूति बताया था और स्वामी विवेकानंद के बारे में लिखा था, उन्हें सुनने के बाद हमें महसूस हो रहा है कि भारत जैसे एक प्रबुद्ध राष्ट्र में मिशनरियों को भेजकर हम कितनी बड़ी मूर्खता कर रहे थे। यह ऐसे समय हुआ, जब ब्रिटिश शासकों और ईसाई मिशनरियों का एक वर्ग भारत की अवमानना और पाश्चात्य संस्कृति की श्रेष्ठता साबित करने में लगा हुआ था।

**चिर पुरातन नित्य नूतन के वाहक :** अतीत को पढ़ो, वर्तमान को गढ़ो और आगे बढ़ो, यही विवेकानंद जी का मूल संदेश रहा। जो समाज अपने इतिहास एवं वांग्मय की मूल्यवान चीजों को नष्ट कर देता है, वह निष्प्राण हो जाते हैं और यह भी सत्य है कि जो समाज इतिहास में ही डूबे रहते हैं, वह भी निष्प्राण हो जाते हैं। वर्तमान में तर्क और तथ्य के बिना किसी भी बात को सिर्फ आस्था के नाम पर आज की पीढ़ी के गले नहीं उतारा जा सकता। भारतीय ज्ञान को तर्क के साथ प्रस्तुत करने पर पूरी दुनिया आज उसे स्वीकार करती हुई प्रतीत भी हो रही है। विवेकानंद ने 11 सितंबर 1893 शिकागो भाषण में इस बात को चरितार्थ भी करके दिखाया था। जहां मंच पर संसार की सभी जातियों के बड़े-बड़े विद्वान उपस्थित थे। डॉ. बरोज के आह्वान पर 30 वर्ष के तेजस्वी युवा का मंच पर पहुंचना। भाषण के प्रथम चार शब्द 'अमेरिकावासी भाइयों तथा बहनों' इन शब्दों को सुनते ही जैसे सभा में उत्साह का तूफान आ गया और 2 मिनट तक 7 हजार लोग उनके लिए खड़े होकर तालियां बजाते रहे।

**युवा दिलों की धड़कन:** उम्र महज 39 वर्ष, अपनी मेधा से विश्व को जीतने वाले, युवाओं को अंदर तक झकझोर कर रख देने वाले, अपनी संस्कृति व गौरव का अभिमान विश्व पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद जिनमें सब कुछ सकारात्मक है, नेगेटिव कुछ भी नहीं। कल्पना कीजिए विवेकानंद के रूप में उस एक नौजवान की। गुलामी की छाया न जिसके विचार में थी, न व्यवहार में थी और न वाणी में थी। भारत मां की जागृत अवस्था को जिसने अपने भीतर पाया था। ऐसा एक महापुरुष जो पल-दो पल में विश्व को अपना बना लेता है। जो विश्व को अपनत्व की पहचान दिलाता है। वेद से विवेकानंद तक, उपनिषद से उपग्रह तक हम इसी परंपरा में पले-बढ़े हैं। उस परंपरा को संजोते हुए भारत को एकता के सूत्र में बांधने के लिए सद्भावना के सेतु को जितना बल हम दे सकते हैं, उसे देते रहना होगा।

कुल मिलाकर यदि यह कहा जाए कि स्वामी विवेकानंद आधुनिक भारत के निर्माता थे, तो उसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। यह इसलिए कि स्वामी जी ने भारतीय स्वतंत्रता हेतु भारतवासियों के मनों में एक स्वाभिमान का माहौल निर्माण किया। आज के समय में विवेकानंद के मानवतावाद के रास्ते पर चलकर ही भारत एवं विश्व का कल्याण हो सकता है। आज शिकागो भाषण के दिन विवेकानंद के जीवन को पढ़ने के साथ ही उसे विमर्श की भी जरूरत है। हम भाग्यवान हैं कि हमारे पास एक महान विरासत है। तो आईए, उस महान विरासत के गौरव को आधार बना युवा मन के साथ संकल्पबद्ध होकर आगे बढ़ें। आज चारों ओर जिस प्रकार का बौद्धिक विमर्श दिखाई दे रहा है, उसमें युवा होने के नाते अपनी मेधा व बौद्धिक क्षमता का परिचय हम को देना ही होगा। यही वास्तव में आज हमारी ओर से सच्ची आहुति होगी।

(लेखक जे. सी. बोस विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संन्यास पत्थर दिल बनने के लिए नहीं कहता



संकलित
दर्शन

स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता एक माध्यम वर्गीय बंगाली परिवार में हुआ था। स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेंद्र था। स्वामी विवेकानंद का जीवन अद्भुत घटनाओं से भरा हुआ है। एक बार गाजीपुर से वाराणसी जाते समय स्वामी विवेकानंद का पता चला कि श्री रामकृष्ण के वफादार सेवक बलराम बसु ने अंतिम सांस ली है। उनकी आंखों में आंसू देखकर उनके साथ चल रहे प्रमदा दास मित्र ने कहा कि दुखद व्यक्त करना एक संत को शोभा नहीं देता। स्वामी ने आक्रामक रूप से जवाब दिया और कहा कि क्या मैं अपना हृदय त्याग दूं क्योंकि मैं एक संन्यासी हूं? संन्यास किसी को पत्थर दिल बनने के लिए नहीं कहता। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि कोई भी महिला उनके मठ में कभी प्रवेश नहीं करेगी। एक बार उन्हें बुखार से बेहोशी महसूस हुई और उनका एक शिष्य स्वामी जी की अनुमति के बिना अपनी मां को उनके पास ला ने गया। मठ के अंदर उसकी मां को देखकर क्रोधित होकर उन्होंने शिष्य को डांटा। आपने एक महिला को अंदर क्यों आने दिया? मैंने ही नियम बनाया था और मेरे लिए ही नियम तोड़ा जा रहा है! इससे पता चलता है कि वह अपनी प्रतिज्ञाओं के प्रति कितने समर्पित थे। एक बार न्यूयॉर्क में रहते हुए स्वामी विवेकानंद ने अपने अनुयायियों को बताया कि जब वे स्वामी प्रेमानंद के साथ वाराणसी की सड़कों पर घूम रहे थे, तो शरारती बंदरों के एक समूह ने उनका पीछा किया। जब दोनों युवा संन्यासी भागने लगे तो उन्होंने एक वृद्ध संन्यासी को उन्हें बुलाते हुए सुना।

# मृत्यु अटल, एक दिन सभी को मरना है



संकलित
प्रेरणा

एक दिन बुद्ध के पास एक महिला पहुंची। उसके पुत्र की मृत्यु हो गई थी। उसका पति भी पहले ही मर चुका था। संतान के मरने पर वह पागल सी हो गई थी और अपने मृत बच्चे को लेकर बुद्ध के पास पहुंची थी। महिला ने रोते हुए कहा कि तथागत मेरा बेटा मेरे जीवन का एकमात्र आधार है, अगर ये न रहा तो मेरा जीवन व्यर्थ है। कृपा करें, इसे किसी तरह फिर से जीवित कर दीजिए। बुद्ध ने कहा कि ठीक है। मैं तुम्हारे बेटे को फिर से जीवित कर दूंगा, लेकिन तुम्हें पहले मेरा एक काम करना होगा। तुम गांव के किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर अनाज ले आओ, जहां कभी भी किसी की मृत्यु न हुई हो। पुत्र के जीवित होने की बात सुनकर महिला खुश हो गई, उसने सोचा कि मैं अभी अनाज लेकर आती हूं। वह महिला गांव के एक-एक घर जाकर कहने लगी कि अगर तुम्हारे घर में किसी की मृत्यु न हुई हो तो मुझे एक मुट्ठी अनाज दे दो। सुबह से शाम हो गई, लेकिन उसे गांव में ऐसा एक भी घर नहीं मिला, जहां कभी किसी की मृत्यु न हुई हो। शाम तक महिला को ये समझ आ चुका था कि मृत्यु तो अटल है और इससे कोई बच नहीं सकता है। वह बुद्ध के पास लौट आई। बुद्ध ने उस महिला से कहा कि मैंने तुम्हें घर-घर इसलिए भेजा था, ताकि तुम्हें मृत्यु की सच्चाई मालूम हो सके। जिसने जन्म लिया है, उसे एक दिन अवश्य मरना है। महिला को बुद्ध की बातें समझ आ गईं और उसने बुद्ध से दीक्षा ले ली और उसके जीवन में शांति आ गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मानसून में भी कम बारिश क्यों

विशेषज्ञ बता रहे हैं कि कुछ राज्यों में इस बार मानसून में अब तक बहुत कम बारिश हुई। इन राज्यों में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। जुलाई और अगस्त देश के लगभग सभी राज्यों के लिए मानसून के महीने माने जाते हैं। अगस्त महीने में मानसून की यौवनावस्था होती है। विचार करने वाला और चिंता का विषय तो यह है कि आखिर इन राज्यों में मानसून क्यों कमजोर पड़ रहा है? कहीं यह भी ग्लोबल वार्मिंग के लक्षण तो नहीं हैं? कहीं इसका कारण धड़ाधड़ वृक्षों पर चलती कुल्हाड़ी तो नहीं है? घटती हरियाली और बढ़ती कंक्रीट के जंगलों की संख्या बारिश कम होने के कारण तो नहीं हैं? कम बारिश सचुमच ही बहुत बड़ा चिंता का विषय है। *- गगन कुमार वर्मा*

## ट्रेंड

### सार्थक बातचीत



अबू धाबी के क्राउन प्रिंस महामहिम शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत करना खुशी की बात थी। हमने कई मुद्दों पर सार्थक बातचीत की। भारत-यूएई की मजबूत दोस्ती के प्रति उनका जुनून साफ नजर आता है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अपराइज़िंग ऑफ़ द सन



मिशेल और मुझे लगता है कि जूली मेहरेतु की कला 'अपराइज़िंग ऑफ़ द सन' ओबामा प्रेसिडेंशियल सेंटर के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक होगी और साउथ साइड और शिकागो शहर के लिए एक प्रतिष्ठित योगदान होगी।
**-बराक ओबामा, पूर्व प्रेसीडेंट अमेरिका**

### कांग्रेस का षड्यंत्र



राहुल गांधी के इस नाटक से भी सर्तक रहें जिसमें उन्होंने विदेश में यह कहा है कि भारत जब बेहतर स्थिति में होगा तो हम एससी, एसीटी, ओबीसी आरक्षण खत्म कर देंगे। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस वर्षों से इनके आरक्षण को खत्म करने के षड्यंत्र में लगी है। **-मायावती, बसपा सुप्रीमो**

### आपकी कल्पना



जो लोग आपसे नफरत करते हैं.. जो आपके विकास को रोक रहे हैं, वे आपके ही मन के राक्षस हैं। आपने उन्हें पाला-पोसा है और उन्हें एक पहचान दी है.. यह आपकी अपनी कल्पना है जो आपके खिलाफ हो रही है।
**-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता**

## करंट अफेयर

# आत्महत्या रोकने में सामाजिक कारकों पर ध्यान जरूरी



आत्महत्या रोकने के उद्देश्य से परेशानी में घिरे लोगों के लिए नैदानिक सेवाएं महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इस मकसद से बनायी गयीं राष्ट्रीय रणनीतियों में लोगों को 'बदतर स्थिति' में पहुंचने से रोकने के लिए सामाजिक समस्याओं से निपटने के उपाय भी शामिल होने चाहिए। 'द लांसेट पब्लिक हेल्थ' पत्रिका में प्रकाशित छह शोधपत्रों की एक नयी श्रृंखला के लेखकों ने यह तर्क दिया है। लेखकों के अंतरराष्ट्रीय दल ने आत्महत्या को लेकर धारणा में बदलाव का आह्वान किया है और इसे पूरी तरह से मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे के रूप में पेश करने से बचने और गरीबी, घरेलू हिंसा, नशे की लत और अलगाव जैसे सामाजिक जोखिम कारकों के प्रभाव को स्वीकार करने पर जोर दिया गया है। यह खासतौर से भारत के लिए प्रासंगिक है जिसने नवंबर 2022 में राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति जारी की और पुलिस के आंकड़ों में आत्महत्या के पीछे की वजह लैंगिकता, रोजगार और तनावपूर्ण जिंदगी बताए जाने के बावजूद अपने ज्यादातर प्रस्तावित समाधान मानसिक स्वास्थ्य के दायरे में रखे हैं। इस रणनीति का उद्देश्य 2030 तक आत्महत्या के कारण देश में मौत का आंकड़ा 10 प्रतिशत तक कम करना है।

## ऑफ बीट

# डिजिटल दुनिया से जुड़े बच्चों के लिए ऑनलाइन दुनिया



इंटरनेट कनेक्टिविटी, ऑनलाइन मीडिया, सोशल मीडिया मंच, गेमिंग मंच और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नए रूपों और इनके उपयोगों के तेजी से हो रहे विस्तार ने वाणिज्य और संचार क्षेत्र के लिए अपार अवसर खोले हैं। ऑनलाइन कनेक्टिविटी की सुविधा और सहज उपलब्धता के कारण इंटरनेट 21वीं सदी में लगभग सभी लोगों के जीवन से गहराई से जुड़ गया है। ऐसा विशेष रूप से बच्चों के साथ है, जिनका सामाजिक जीवन लगभग पूरी तरह से ऑनलाइन की तरफ मुड़ गया है। जैसा कि बचपन पर डिजिटल के प्रभाव के मेरे शोध से पता चलता है, ऑनलाइन संचार के इस क्षेत्र ने बच्चों को नुकसान पहुंचाने से जुड़े परेशान करने वाले तथ्य भी पैदा किए हैं। इन खतरों ने राजनेताओं को चिंतित कर दिया है, जिसके चलते सरकार ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया और गेमिंग मंचों तक पहुंच के लिए न्यूनतम आयु निर्धारित करने की योजना की घोषणा की है। डिजिटल दुनिया से गहराई से जुड़ होने के नाते, बच्चे समाधान का भी हिस्सा हैं। एक तरफ जहां इस तरह की चर्चा में वयस्कों की भागीदारी अधिक है, मेरा शोध इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि बच्चे अपने द्वारा अनुभव किए जाने वाले नुकसानों के बारे में क्या सोचते हैं और उन्हें कैसे रोका जाए।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]
डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]
महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड, जिला -दुर्ग
9131880895, 8319870997
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
83700 77700, 7024125200

# ऋतिक -कियारा का वॉर 2 में होगा रोमांटिक ट्रैक...



मुंबई। इन दिनों ऋतिक रोशन अपनी आगामी एक्शन ड्रामा फिल्म 'वॉर 2' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में ऋतिक के साथ पहली बार जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। फिल्म को लेकर एक जानकारी सामने आई है, जिसके मुताबिक 'वॉर 2' में कियारा और ऋतिक का एक रोमांटिक ट्रैक हो सकता है, जिसको इटली में शूट किया जाएगा। निर्देशक अयान मुखर्जी 'वॉर 2' के प्रोडक्शन को इटली ले जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 18 सितंबर से टीम इटली में ऋतिक और कियारा आडवाणी पर प्रीतम द्वारा रचित एक रोमांटिक सॉन्ग की शूटिंग शुरू होगी।

लाइफ Style

# मलाइका

## अर्जुन कपूर पर कसा तंज!

एजेंसी ▸▸ मुंबई



मलाइका अरोड़ा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने हाल ही में एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जो वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में उन्होंने उन लोगों को दिल खास जगह देने की बात कही है, जो सुख और दुख में साथ रहते हैं।

मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम स्टेटस पर लिखा, 'हमेशा उन लोगों पर ध्यान दें, जो आपकी खुशी के लिए खुश हैं और आपके दुख के लिए दुखी हैं। वे ही लोग हैं, जो आपके दिल में एक खास जगह के हकदार हैं।' वैसे तो एक्ट्रेस ने कैप्शन में और कुछ नहीं लिखा है, लेकिन ये पोस्ट उन्होंने तब किया है, जब अर्जुन कपूर संग उनके ब्रेकअप की खबरें सुर्खियों में हैं। 50 साल की मलाइका अरोड़ा ने किया अब तक का सबसे मुश्किल वर्कआउट, शरीर का दर्द चेहरे पर साफ दिखा। बीते दिनों जब मलाइका विदेश में छुट्टियां बिता रही थीं, तब उन्होंने एक मिस्ट्री मैन की फोटो शेयर की थी। जैसे ही इस तस्वीर पर लोगों की नजर पड़ी, हर कोई दावा करने लगा कि उनकी जिंदगी में फिर से प्यार ने दस्तक दी है और वो किसी को डेट कर रही हैं। पर मलाइका ने अभी तक इसपर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। 50 साल की मलाइका फिटनेस पर खूब ध्यान देती हैं। वो जिम में खूब समय बिताती हैं और योगा करती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं और अपने वीडियोज शेयर करती रहती हैं। अर्जुन कपूर की बात करें तो साल 2012 में 'इश्कजादे' फिल्म से अपने करियर की शुरुआत करने वाले एक्टर को पिछली बार 'द लेडी किलर' में देखा गया था, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी।

हॉलीवुड मसाला

# 'वेनम- द लास्ट...' का ट्रेलर कल




लॉस एंजिल्स। वेनमः द लास्ट डांस के पहले ट्रेलर के बाद इस फिल्म से फैंस की उम्मीदें काफी ज्यादा बढ़ गई हैं। एडी ब्रॉक के रूप में टॉम हार्डी इस फिल्म में दोबारा नजर आने वाले हैं। यह फिल्म थ्री डी और आईमैक्स थ्री संस्करण में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। 12 सितंबर को इस फिल्म का फाइनल ट्रेलर जारी किया जाएगा। हालांकि, इससे कुछ दिन पहले फिल्म के निर्माताओं ने फैंस को एक खास सौगात दी है। दरअसल, अंतिम ट्रेलर से पहले फिल्म का एक 30 सेकंड का टीजर जारी किया गया है। फिल्म में टॉम हार्डी वेनम के रूप में नजर आएंगे।



# सेलेना गोमेज कभी नहीं बन पाएंगी मां!

लॉस एंजिल्स। अमेरिकन सिंगर, एक्ट्रेस, प्रोड्यूसर और बिजनेसवुमेन सेलेना गोमेज अपनी पर्सनल लाइफ के कारण अक्सर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने अब एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। 32 साल की सिंगर ने कहा कि वो कभी मां नहीं बन पाएंगी। इसलिए वो सरोगेसी से बच्चा पैदा करेंगी या फिर किसी अनाथ बच्चे को गोद लेंगी। सेलेना ने ये भी बताया है कि आखिर वो कौन सी वजह है, जिसके कारण वो बच्चा पैदा नहीं कर सकती हैं! हाल ही में एक इंटरव्यू में ये खुलासा किया कि वो खुद के बच्चों को जन्म नहीं दे पाएंगी। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें इस दिल दहला देने वाली सच्चाई से गुजरना पड़ा। वो कई दिनों तक इस गम से बाहर नहीं निकल पाई थीं। 32 साल की सेलेना गोमेज ने कहा, 'मैंने पहले कभी ऐसा नहीं कहा, लेकिन दुर्भाग्य से, मैं अपने बच्चों को जन्म नहीं दे सकती।

# फिल्मी सितारों ने किए लालबाग के राजा के दर्शन

*मुंबई। दुनियाभर में गणेश चतुर्थी का त्योहार मनाया जा रहा है। ऐसे में आम जनता से लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री के तमाम सितारों को धूम-धाम से गणेश चतुर्थी मनाते हुए देखा गया। कई सितारों ने अपने घर बप्पा का स्वागत किया है। वहीं, इस खास मौके पर वरुण धवन और एटली कुमार 'लालबागचा राजा' का दर्शन करने पहुंचे। जल्द ही एटली कुमार की फिल्म 'बेबी जॉन' आने वाली है जिसमे वरुण धवन लीड रोल में है। दोनों की सेलेब फिल्म रिलीज से पहले और गणेश चतुर्थी के शुभ मौके पर गजानन का आशीर्वाद लेने पहुंचे।*

### बेटी के साथ बप्पा का आशीर्वाद लेने पहुंचीं ऐश्वर्या



ऐश्वर्या राय अपनी मां वृंदा राय और बेटी आराध्या बच्चन के साथ सोमवार शाम को मुंबई के जीएसबी चा राजा में गणपति बप्पा की पूजा करने पहुंचीं। भीड़ भरी सड़क पर तीनों को भारी सुरक्षा के साथ चलते हुए देखा गया। ऐश्वर्या इस दौरान गुलाबी रंग के आउटफिट में नजर आईं। वह अपनी मां से बात करती रहीं और सुरक्षा टीम की मदद से उन्हें आगे बढ़ने के लिए गाइड करती रहीं। आराध्या ने उनके दोनों हाथ पकड़ लिए और उनके साथ-साथ चलती रहीं। हालांकि इलाके में बहुत सारे सिक्योरिटी पर्सन मौजूद थे। लेकिन वहां काफी भीड़ थी और कई फैन्स ऐश्वर्या की एक झलक पाने की कोशिश कर रहे थे। पैपराजी ने ऐश्वर्या को पंडाल के पुजारी से बात करते और अपनी मां को आगे बढ़ने के लिए बताते हुए वीडियो शेयर किया। इसके बाद तीनों को पंडाल से लौटते और अपनी कार में बैठते देखा गया। इस मौके पर उनके साथ बच्चन फैमिली का कोई और सदस्य नजर नहीं आया।



**कार्तिक आर्यन ने लालबाग के राजा के किए दर्शन :** बॉलीवुड के बाकी सितारों की तरह अभिनेता कार्तिक आर्यन ने भी लालबाग के राजा के दर्शन किए। इस दौरान कार्तिक को देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हुए और जोर-जोर से भूल भुलैया 3 चिल्लाने लगे। अभिनेता ने मुस्कुराते हुए प्रशंसकों की तरफ हाथ हिलाया।

**पति भी साथ आए नजर सनी लियोनी :** सनी लियोनी अपने पति डेनियल वेबर के साथ मुंबई में लालबागचा राजा के दर्शन करते हुए देखी गईं। इस दौरान कपल ने ट्रेडिशनल ड्रेस पहने नजर आया था। तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गई हैं। तस्वीरों में सनी लियोनी गुलाबी रंग की अनारकली पहने हुए नजर आ रही हैं, जबकि डेनियल ने पीले रंग का कुर्ता और सफेद पायजामा पहना है। कैमरे के सामने पोज देते हुए दोनों काफी खुश नजर आ रहे हैं। कपल बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए नंगे पांव नजर आया। सनी लियोनी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं। पिछले कुछ सालों में वह अपनी एक्टिंग और डांसिंग स्किल्स के जरिए भारतीय सिनेमा में अपनी पहचान बनाने में सफल रही हैं।



# अमिताभ से कंटेस्टेंट ने पूछा जया पर सवाल

नई दिल्ली। सिनेमा के नामी परिवारों की बात होता है तो बच्चन परिवार का नाम सबसे पहले आता है। फिल्मों के साथ अक्सर उनके घर के सदस्यों को चर्चाएं होती रहती हैं। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति 16 में नजर आ रहे हैं। हाल ही में एक कंटेस्टेंट ने कुछ ऐसा सवाल पूछ लिया कि बिग बी भी सोच में पड़ गए। दरअसल, हॉटसीट पर बैठीं कंटेस्टेंट सुमित्रा दिनेश ने अमिताभ बच्चन से उनकी पत्नी जया बच्चन को लेकर सवाल किया। उन्होंने बिग बी से पूछा कि क्या जया बच्चन ने भी उनके साथ समय नहीं बिताने की शिकायत की है? ऐसा इसलिए क्योंकि वह लगातार केबीसी की शूटिंग कर रहे हैं। इस सवाल को सुनने के बाद अमिताभ बच्चन हंसी को रोक नहीं सके।





# मेकर्स ने प्रभास पर लगाया करोड़ों का दांव

नई दिल्ली। प्रभास इन दिनों एक शानदार स्थिति में हैं। पैन-इंडिया फेनोमेनन के रूप में मशहूर, प्रभास की करियर और सुपरस्टारडम आसमान छू रहे हैं। बाहुबली और बाहुबली 2 जैसी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली फिल्मों से लेकर सालार, कल्कि 2898 एडी, और कई अन्य प्रोजेक्ट्स तक, उन्होंने भारतीय सिनेमा में अपनी मजबूत पहचान बना ली है। उनके दर्शक उनकी फिल्मों के प्रति अटूट वफादारी दिखाते हैं, जिससे उन्हें लगातार ब्लॉकबस्टर हिट्स मिल रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर उनकी भरोसेमंदी के कारण निर्माता उनके फिल्मों में बड़े बजट लगाने में संकोच नहीं करते। प्रभास के प्रोजेक्ट्स पर बजट - सालार 2: 340 करोड़ रुपए, स्पिरिटः 300 करोड़ रुपए, हनु राघवपुडी की अनटाइटल्ड फिल्मः 300 करोड़ रुपए, द राजा साबः 400 करोड़ रुपए, कल्कि 2: 700 करोड़ रुपए। यह सब संभव हुआ है क्योंकि प्रभास अपनी अद्भुत उपस्थिति और एक अनकही क्वालिटी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर सकते हैं, जो स्टार पावर से भी परे है।

# डेब्यू शो में होने वाली थीं रिप्लेस फिर बन गईं टीवी स्टार



नई दिल्ली। सुरभि चंदना टीवी की पॉपुलर स्टार्स में से एक हैं। उन्होंने 'इश्कबाज' और 'संजीवनी' जैसे शोज से घर-घर अपनी पहचान बनाई। इसके बाद सुरभि चंदना ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह कई पॉपुलर टीवी शोज का हिस्सा रह चुकी हैं और अपनी अदाकारी से फैंस के दिलों को जीता है। सुरभि चंदना का 11 सितंबर को बर्थडे है। इस खास मौके पर बताते हैं कि कैसे एक्ट्रेस अपने पहले शो में रिप्लेस होते-होते बची थीं। सुरभि चंदना ने साल 2009 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से डेब्यू किया था। हालांकि, इसमें उनका रोल छोटा लेकिन अहम था।




# किसी की न तो मदद लूंगी न ही सलाह ...



नई दिल्ली। बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री नीना गुप्ता की बेटी मसाबा गुप्ता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। मसाबा के घर जल्द ही किलकारी गूंजने वाली है। अभिनेत्री से डिजाइनर बनी मसाबा इसी साल अक्टूबर अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। अब हाल ही में, मसाबा ने मां बनने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है और साथ ही बताया है कि वह अपनी मां नीना गुप्ता से कितनी सहायता लेने वाली हैं। मसाबा ने एक साक्षात्कार में कहा कि एक 'हैंड्स-ऑन पैरेंट' बनना चाहती हैं, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में बहुत कुछ खुद ही किया है। उन्होंने कहा कि मैं कुछ चीजों में सही रहूंगी, कुछ चीजों में गलत रहूंगी, लेकिन हर दिन कुछ नया सीखूंगी। मसाबा गुप्ता ने कहा कि मैं नहीं चाहती कि मेरी मां पर मेरे बच्चे का कोई भी दबाव हो। न ही मैं चाहती हूं कि वह हमेशा बच्चे के आसपास हों, क्योंकि उनकी अपनी जिंदगी है। मसाबा ने आगे कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी को काफी साधारण तरीके से जिया है।

सी.जी. कॉलेज व स्कूल ऑफ नर्सिंग
रायपुर / बिलासपुर
23 वर्षो से संचालित नर्सिंग चिकित्सा व समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था
B.Sc. Nursing
4 वर्षीय कोर्स
12वीं पास (बायो)
नर्सिंग मे प्रवेश हेतु
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 12 सितंबर
64000/-
B.Sc. Nursing में
केवल 50000/- में प्रवेश
ऑफर सिर्फ 11 एवं 12 सितंबर के लिये
विद्यार्थी आज ही संपर्क करें
G.N.M. Nursing
3 वर्षीय कोर्स
12वीं पास (सभी विषय)
विशेषताएं
• प्लेसमेंट - अब तक 45% विद्यार्थियों का शासकीय व 55% प्राइवेट अस्पताओं में चयन
• क्लीनिकल ट्रेनिंग - 1400 बिस्तर के सरकारी अस्पताल मेकाहारा, जिला अस्पताल, CHC, PHC रायपुर-बिलासपुर व श्रीराम अस्पताल बिलासपुर में क्लीनिकल प्रशिक्षण की सुविधा
• प्रतिवर्ष AIIMS में 3 से 4 विद्यार्थियों का चयन

Our Pride
Jyoti Sahu Norcet (AIIMS) Topper
www.cgnursing.com
C.G. COLLEGE OF NURSING सर्वे संतु निरामया: CCN/CSN
रायपुर - बजाज कॉलोनी, सेक्टर -2, न्यू राजेन्द्र नगर
बिलासपुर - द्रोणा स्कूल, कानन पेंडारी, कोटा रोड, सकरी
Follow us :
7722991707, 9993582707

## जैकेट के शेष

### तूफानी बारिश से ....

समेत कई गांव पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। कई गांव में ग्रामीणों के घरों के बाड़ी तक बाढ़ का पानी पहुंच चुका है। सुकमा के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण कई क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों की रोजमर्रा की जीवनशैली बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इसी दौरान विकासखंड छिंदगढ़ के तोंगपाल तहसील के ग्राम पंचायत चिंतलनार में चक्का बुक्का नदी में पानी बढ़ जाने के कारण गांव के आधे से अधिक घर जलमग्न हो गए हैं। लगभग 8 घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए है। ग्रामवासियों के अनुसार लगभग 50 घर और हैं, जो इस बाढ़ की वजह से गिर सकते है। ग्रामीणों ने बताया 107 वर्षों के बाद ऐसा बाढ़ आई है। इससे पूर्व 1917 में ऐसा बाढ़ आई थी।

**केसीजी जिला भी बाढ़ की जद में:** केसीजी जिले के बात की जाए तो यहां पर बाढ़ के हालात बने हुए है। जिला मुख्यालय खैरागढ़ नगर के कई वार्ड सहित इतवारी बाजार, टिकरापारा और मातापार जाने वाले मार्ग पर बनी आमनेर नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है।

**गंडई नगर में भी बारिश ने बेहाल:** गंडई क्षेत्र के सुरही नदी में बाढ़ का पानी लोगों के घरों में भरने लगा है। लगातार हो रही बारिश की वजह से दानिया नदी, नर्मदा नदी, नरोधी नदी का पानी पुल से 3 से 4 फीट ऊपर चलने लगा है, जिसकी वजह से गंडई नगर का संपर्क राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, कवर्धा सहित मध्यप्रदेश से टूट गया है। नर्मदा मंदिर भी बाढ़ के पानी में डूब गया।

**छुईखदान में भी बिगड़े हालात:** इधर छुईखदान के कंडरापारा में बंधाना तालाब का तट फूटने से तालाब का पानी घरों में प्रवेश कर गया है। नगर से तीन किलोमीटर दूर ग्राम महरा टोला समीप स्थित पुराना तालाब भी भारी-बारिश की वजह से छलक रहा है और तालाब का पानी खेतों में प्रवेश कर रहा है।

**एमएमसी जिले के कई गांव बने टापू:** एमसी जिले के मोंगरा बैराज से पानी छोड़े जाने के चलते नदी के किनारे गांव में अलर्ट जारी कर दिया गया है और बाढ़ के चलते लोगों को अपने घरों को खाली कर सुरक्षित ठिकानों में जाने मुनादी कराया गाया है। वहीं वनांचल क्षेत्र होने की वजह से यहां अत्यधिक वर्षा हो रही है। वहीं अम्बागढ़ चौकी क्षेत्र में फंसे और चार लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचाया है।

**कवर्धा-राजनांदगांव मार्ग बाधित:** कवर्धा में बीते चौबीस घंटे से रुक-रुककर हो रही बारिश से एक बार फिर अंचल के नदी नाले उफान मारने लगे हैं। लगातार की बारिश और बाढ़ के प्रभाव का सबसे ज्यादा असर जिले के विकासखण्ड स.लोहारा क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। यहां कर्रानाला में बाढ़ के हालात निर्मित होने से ग्राम खोलवा के कुछ मकानों में बाढ़ का पानी घुसने की खबर है। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंचे कवर्धा विधायक व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व कलेक्टर ने क्षेत्र का दौरा भी किया और प्रभावित लोगों के लिए राहत के इंतजाम के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार कवर्धा-राजनांदगांव मार्ग में नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के भीतर सूखानाला में भी बाढ़ की स्थिति देखने को मिल रही है और इस मार्ग में आवागमन भी बाधित हुआ है।

### राजनांदगांव सहित तीन ....

बाढ़ की चपेट में है। राजनांदगांव जिले में 153 में वर्षा दर्ज की गई है। वहीं नदी किनारे के गांव में निवास रत 50 परिवार के लगभग 120 लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया गया है। जिले में बाढ़ की वजह से जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया है। वहीं शहर में भी कई जगहों पर पानी भरा हुआ है। सरकारी दफ्तरों से लेकर लोगों के घरों तक ढाई तीन फीट पानी घुस गया है। देर रात से हो रही बारिश की वजह से महाराष्ट्र सीमा क्षेत्र के बागनदी थाना और शहर के चिखली क्षेत्र की पुलिस चौकी एवं जिला अस्पताल डूबे हुए हैं।

### 49500 क्यूसेक पानी ....

हुआ। रात भर हुई मूसलाधार बारिश से अंचल तरतबर हो गया। सोमवार की रात 12 बजे गंगरेल बांध में पानी की आवक 83 हजार क्यूसेक पहुंच गई। सुबह 8 बजे पानी की आवक इस वर्ष सीजन की सबसे हाईएस्ट 140124 क्यूसेक हो गई। बांध से पानी छोड़ने की स्थिति बनते ही महानदी किनारे के गांव मुड़पार, अछोटा, कोलियारी, जवरगांव, अमेठी आदि गांवों में मुनादी होने लगी। मवेशी तथा लोगों को नदी क्षेत्र में नहीं जाने से एनाउंसमेंट के बाद ठीक 11:30 बजे गंगरेल के 6 गेट से 29 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके तीन घंटे बाद 1:15 बजे 3 और गेट को खोलकर कुल 49500 क्यूसेक पानी महानदी में छोड़ा गया, जिससे महानदी उफान पर है। हालांकि नदी में बाढ़ से नुकसान की स्थिति नहीं है।

**बांध में पानी की आवक अप्रत्याशित रूप से बढ़ी:** जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आशुतोष शाश्वत ने बताया कि कैचमेंट एरिया में अतिशय वर्षा होने से बांध में पानी की आवक अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। इस सीजन में 1.40 लाख क्यूसेक पानी की आवक दर्ज की गई है। दोपहर को 9 गेट के माध्यम से करीब 50 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। कैचमेंट एरिया से पानी की आवक कम होने लगी है। आवक बढ़ी तो पानी छोड़ने की मात्रा को बढ़ाया जाएगा। बताया जा रहा है कि कैचमेंट एरिया से पानी की आवक घटते क्रम में है। इस कारण पानी के डिस्चार्ज की मात्रा नहीं बढ़ने की संभावना है।

### ऋचा को एसीएस ....

उपक्रम के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव वाणिज्य एवं उद्योग रेल परियोजनाएं का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पदभार ग्रहण करने से पी. दयानंद इसके अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

अंकित आनंद सचिव वाणिज्य एवं उद्योग को सचिव योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव 20 सुत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन, सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग एवं अध्यक्ष छग पर्यावरण संरक्षण मंडल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने से आर शंगिता सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग एवं अध्यक्ष छग पर्यावरण संरक्षण मंडल के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी। वसव राजू सचिव मुख्यमंत्री तथा अतिरिक्त प्रभार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सचिव नगरीय प्रशासन विभाग केवल सचिव खाद्य विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए सचिव विमानन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने से पी दयानंद सचिव विमानन के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। भीम सिंह सीईओ छग राज्य ग्रामीण विकास अभिकरण को सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सीईओ छग राज्य ग्रामीण विकास अभिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राजेश सिंह राणा सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, अतिरिक्त प्रभार सीईओ क्रेडा एवं सीईओ छग राज्य कौशल विकास प्राधिकरण को सीईओ क्रेडा के पद पर पदस्थ करते हुए सीईओ छग राज्य कौशल विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। भरे सर्वेश्वर नरेंद्र सचिव राज्य निर्वाचन आयोग को मिशन संचालक जल जीवन मिशन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने पर सुनील कुमार जैन मिशन संचालक जल जीवन मिशन के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। जितेंद्र कुमार शुक्ला एमडी छग पर्यटन मंडल रायपुर अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए संचालक खाद्य विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। प्रभात मलिक सीईओ छग इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव सुशासन एवं अभिसरण विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ संचालक उद्योग को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने से अरूण प्रसाद संचालक उद्योग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। विवेक आचार्य संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ एमडी छग पर्यटन मंडल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विश्वेश कुमार प्रभारी मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी एवं क्षेत्र संचालक उदंती-सीतानदी टागर रिजर्व गरियाबंद की सेवाएं प्रतिनियुक्ति पर लेते हुए एमडी छग राज्य औद्योगिक विकास निगम के पद पर पदस्थ किया गया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने पर अरूण प्रसाद एमडी छग राज्य औद्योगिक विकास निगम के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

### अफसर कोचिया बनकर पहुंचे ...

गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपियों के कब्जे से बिना होलोग्राम वाली पौवा शराब की 40 पेटी, नकली गोवा ब्रांड की 12 पौवा पेटी, 50-50 लीटर स्प्रिट (ओवर प्रूफ) के 8 बड़े जॉर तथा मारुति वैगन आर कार एवं डिलीवरी वाहन जब्त किया है।

विभाग के डिप्टी कमिश्नर विकास गोस्वामी ने बताया कि उन्हें अपने सूत्र के माध्यम से सूचना मिली थी कि धरसींवा क्षेत्र में नकली शराब की जमकर तस्करी हो रही है। इस सूचना के बाद अफसर ने नकली शराब के तस्करों को पकड़ने की योजना बनाई। इस योजना के तहत अफसर खुद पहले कोचिया की वेशभूषा पहनकर धरसींवा क्षेत्र में एक छोटे कोचिया से शराब खरीदने के बहाने मिले। अफसर ने कोचिया का विश्वास जीतने के लिए एक पेटी पौवा शराब भी खरीदी। इसके बाद अफसर दूसरे दिन कोचिया के पास 2 सौ पेटी खरीदने के बहाने से पहुंचे। इस दौरान कोचिया ने अफसर को बताया कि इतनी शराब उसके पास नहीं है। इतनी ज्यादा मात्रा में शराब तस्करों से ही मिल पाएगी। कोचिया ने बताया कि उसके पास एक शराब तस्कर का मोबाइल नंबर है, अगर चाहें तो वह उससे बात करके शराब खरीद सकता है। अफसर ने कोचिया के दिए नंबर पर संपर्क साधा और उससे शराब खरीदने का सौदा तय किया। शराब तस्कर ने अफसर को सोमवार देर रात को धरसींवा क्षेत्र में ग्राम कुर्रा के पास शराब की डिलीवरी देने के लिए बुलाया था। इधर जैसे ही तस्कर तय स्पॉट पर वैगन आर से शराब लेकर पहुंचा, वहां पहले से अफसर के नेतृत्व में तैनात टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम मोतीलाल साहू है, जो मूलतः बेमेतरा का निवासी है। उसके कब्जे से बिना होलोग्राम वाली 40 पेटी नकली गोवा शराब जप्त की गई। इस कार्रवाई के दौरान रात में ही अफसर को एक और सूचना मिली कि एक डिलीवरी वाहन में नकली शराब की तस्करी कर ले जाया जा रहा है। अफसर ने इसके बाद ग्राम कुर्रा के पास ही मुख्य सड़क पर घेराबंदी कर अशोक लीलैंड पिकअप वाहन सीजी 25के 2638 को पकड़ा। इस वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से बिना होलोग्राम वाली पौवा शराब की 12 पेटी तथा 3 सौ लीटर ओपी स्प्रिट के साथ बड़ी मात्रा में पौवा शराब की खाली शीशियां, ढक्कन सहित शराब निर्माण की अन्य सामग्री बरामद की है। विभाग ने वाहन चालक युवराज साहू को गिरफ्तार किया है।

### पूछताछ में कई ....

कार्रवाई टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी टेक बहादुर कुर्रे, आबकारी उप निरीक्षक दिलीप कुमार प्रजापति, कौशल सोनी, प्रकाश देशमुख और आरक्षक विवेक श्रीवास्तव भी शामिल रहे।

### निजी वाहनों को ....

मालिक या प्रभारी व्यक्ति जो राष्ट्रीय राजमार्ग,बाईपास या सुरंग के उसी खंड का उपयोग करता है। उससे जीएनएसएस-आधारित उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह प्रणाली के तहत एक दिन में प्रत्येक दिशा में 20 किलोमीटर की यात्रा तक कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सड़क परिवहन मंत्रालय ने जुलाई में कहा था कि उसने फास्टैग के साथ एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में चुनिंदा राष्ट्रीय राजमार्गों पर उपग्रह-आधारित टोल संग्रह प्रणाली को पायलट आधार पर लागू करने का फैसला किया है। जीएनएसएस-आधारित उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह प्रणाली के संबंध में एक पायलट अध्ययन कर्नाटक में एनएच-275 के बेंगलुरु-मैसूर खंड और हरियाणा में एनएच-709 के पानीपत-हिसार खंड पर किया गया है।

## पेज एक के शेष

### खुले बाजार में...

योजनाओं में लागत बढ़ जाएगी। यही बात सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी अपने पत्र में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे पत्र में कही है। प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश में डिमांड न होने के बाद भी पश्चिम बंगाल, उप्र और बिहार सहित कुछ राज्यों की डिमांड को देखते हुए सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ा दिए। जहां खुले बाजार के सीमेंट की कीमत में इजाफा किया गया, वहीं सरकारी काम में आने वाले नान ट्रेड सीमेंट की कीमत भी 50 रुपए बढ़ा दी गई। इस मामले में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी पत्र लिखा। इधर कांग्रेस ने प्रदेश में 12 सितंबर को आंदोलन करने का ऐलान किया है। चौतरफा विरोध के बाद सीमेंट कंपनियों ने 25 से 35 रुपए कीमत कम कर दी है। अब यह बात सामने आ रही है कि कीमत महज खुले बाजार में बिकने वाले सीमेंट की कम की गई है।

### चिल्हर में कीमत...

इस समय सभी निजी कामों के साथ सरकारी काम भी बंद हैं। सबसे महंगा सीमेंट इस समय अल्ट्राटेक है। यह थोक में 310 रुपए है लेकिन यह चिल्हर में 330 से 340 रुपए में बिक रहा है। अन्य कंपनियों के सीमेंट की कीमत 265 से 290 तक है, लेकिन ये चिल्हर में 300 से 320 रुपए तक बिक रहे हैं। दूरी के हिसाब से भाड़ा ज्यादा लगने पर कीमत और ज्यादा हो जाती है।

### सुप्रीम कोर्ट की...

पुलिस आयुक्त, स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और चिकित्सा शिक्षा निदेशक को शाम पांच बजे तक पद से हटाने को कहा था।

### नौकरी के नाम पर...

देवेंद्र ठाकुर ने अपने घर पर आत्महत्या की थी। उसने सुसाइट नोट छोड़ा था, जिसमें नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी किए जाने की बात लिखकर पूर्व वनमंत्री मोहम्मद अकबर, मदार खान, हरेंद्र नेताम, प्रदीप ठाकुर का नाम दर्शाया था। जिसके बाद इस गंभीर मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। बीते 8 सितंबर को विभिन्न पीड़ितों द्वारा अपना अपना बयान डौंडी थाना में दर्ज कराने पश्चात पुलिस तत्काल एक्शन मोड़ पर आ गई और 9 सितंबर को मोहम्मद अकबर सहित चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। जिसके बाद आरोपियों की पता तलाश शुरू कर दी गई। खबर है कि मदार खान उर्फ सलीम खान व प्रदीप ठाकुर को कल नागपुर से गिरफ्तार कर तड़के सुबह तीन बजे डौंडी थाना लाया गया।

### डस्टर कार...

हुआ है, जो करीब एक करोड़ रुपए कीमत की होगी। इस संदर्भ में अभी यह पता नहीं चल पाया है कि आरोपित ने चारों कार ठगी पूर्व लिए हैं या ठगी के बाद। पुलिस कस्टडी में अभी हरेंद्र नेताम नहीं आया है।

### छात्राओं ने कहा- बीयर...

बोतलें लहराई थीं, सेवन नहीं किया। जांच समिति में बीईओ शिवराम टंडन, स्कूल की प्राचार्य वारे और एबीईओ एक्का शामिल हैं। समिति ने छात्राओं और शिक्षकों के बयान लिए हैं और अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। रिपोर्ट को लोक शिक्षण संचालनालय को आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

डीईओ साहू ने बताया कि प्राचार्य लक्ष्मीनारायण के खिलाफ अनुशासनहीनता और तथ्यों को छिपाने के आरोप लगाए गए हैं और लोक शिक्षण संचालनालय को उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है।

**सवा महीने तक घटना को छुपाया गया:** डीईओ साहू के अनुसार, घटना की जानकारी सवा महीने तक छुपाई गई और उच्च अधिकारियों को नहीं दी गई। प्राचार्य पर कार्रवाई के लिए अनुशासनहीनता की स्थिति स्पष्ट रूप से देखी गई है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## सिंगापुर में होगा क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

भारतीय उच्चायोग और सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (एनयूएस) का भाषा अध्ययन केंद्र इस सप्ताह के अंत में सिंगापुर में संयुक्त रूप से क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन करेंगे। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एनयूएस के भाषा अध्ययन केंद्र की डॉ. संध्या सिंह ने बताया कि 'दक्षिण-पूर्व एशिया में हिंदी: विकास की नवीन दिशाएं' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में दक्षिण-पूर्व एशिया और अन्य स्थानों के शिक्षाविद, शोधकर्ता और पेशेवर भाग लेंगे। यह सम्मेलन 13 से 15 सितंबर तक आयोजित होगा। सम्मेलन में अंतर्दृष्टि साझा करने के साथ ही द्वितीय, विदेशी, विरासत भाषा के रूप में हिंदी के वर्तमान और भविष्य एवं प्रवासी भारतीयों के बीच हिंदी साहित्य पर चर्चा की जाएगी।

## शब्द पहेली - 5629



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली- 5628 का हल**



## महिंद्रा ग्रुप ने आरोप को झूठा और भ्रामक बताया

# सेबी चेयरपर्सन पर इधर कांग्रेस ने फिर मढ़े आरोप, उधर महिंद्रा ने किया सिरे से खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को सेबी चीफ माधबी पुरी बुच पर फिर से नए आरोप लगाए। पार्टी प्रवक्त पवन खेडा ने दावा किया गया कि माधवी बुच के पति धवल बुच ने 2019-2021 के बीच महिंद्रा महिंद्रा ग्रुप से /"इनकम इन पर्सनल कैपेसिटी/" के रूप में 4.78 करोड़ रुपये प्राप्त किए। हालांकि महिंद्रा ग्रुप ने आरोप को झूठा और भ्रामक बताते हुए इनकार किया है। दरअसल, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, /"यह ऐसे समय में हुआ जब माधबी बुच सेबी की पूर्णकालिक सदस्य के रूप में उसी ग्रुप का फैसला कर रही थीं। माधबी पुरी बुच 5 अप्रैल, 2017 से 4 अक्टूबर, 2021 तक सेबी की पूर्णकालिक सदस्य थीं। उन्हें 2 मार्च, 2022 को सेबी का अध्यक्ष बनाया गया। महिंद्रा ग्रुप ने एक बयान जारी कर कहा कि धवल बुच यूनिलीवर से रिटायर होने के बाद 2019 में कंपनी में शामिल हुए थे। उन्हें केवल सप्लाई चेन मैनेजमेंट में उनकी विशेषज्ञता के लिए काम पर रखा गया था। कंपनी ने कहा, /"यह मुआवज़ा विशेष रूप से और केवल बुच की सप्लाई चेन एक्सपर्टीज और मैनजेमेंट कौशल के लिए दिया गया था। जो यूनिलिवर में उनके ग्लोबल एक्सपीरियंस पर आधारित है।



### कांग्रेस के आरोप

बता दें कि सेबी अध्यक्ष के खिलाफ एक और आरोप में कांग्रेस ने दावा किया कि माधबी बुच ने पूर्णकालिक सदस्य और बाजार नियामक की अध्यक्ष बनने के बाद अपनी कंसल्टिंग फर्म अगोरा एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों से 2.95 करोड़ रुपये प्राप्त किए। पवन खेड़ा ने दावा किया कि माधबी बुच के इस दावे के विपरीत कि सेबी में शामिल होने के बाद अगोरा निष्क्रिय हो गई, कंसल्टेंसी फर्म ने सेवाएं प्रदान करना जारी रखा और 2016-2024 के बीच 2.95 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। खेड़ा ने कहा, /"माधबी बुच के पास 31 मार्च, 2024 तक कंपनी (अगोरा) में अभी भी 99% हिस्सेदारी है।

### महिंद्र ने आरोपों को किया खारिज

ऑटोमोबाइल फर्म ने इस आरोप को भी खारिज कर दिया कि सेबी द्वारा महिंद्रा ग्रुप के मामलों का निपटान धवल बुच द्वारा प्राप्त आय से मेल खाता है। बयान में कहा गया है, /"आरोपों में संदर्भित पांच सेबी आदेशों या अनुमोदनों में से कोई भी प्रासंगिक नहीं है। सेबी के पांच अनुमोदनों या आदेशों में से तीन कंपनी या उसकी किसी भी सहायक कंपनी से संबंधित नहीं हैं। कंपनी ने कहा, /"एक फास्ट-ट्रैक राइट्स इश्यू था, जिसके लिए सेबी से किसी भी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं थी। यह एक मार्च 2018 में जारी किया गया एक आदेश था। जो धवल के महिंद्रा समूह के साथ काम करना शुरू करने से काफी पहले था।

## भारत और फिलीपींस के बीच आज मनीला में होगी भागीदारी बैठक

**नई दिल्ली।** दक्षिण चीन सागर में लगातार बढ़ती चीन की आक्रामकता के दौर में बुधवार को भारत और फिलीपींस के बीच पांचवीं संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की बैठक होगी। इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने करेंगे। जबकि फिलीपींस के दल की अगुवाई वहां के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय में वरिष्ठ उप सचिव आईरीनियो क्रूज एस्पिनो करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि इस बैठक में शामिल होने के लिए रक्षा सचिव 11 सितंबर को मनीला की यात्रा पर रहेंगे। जेडीसीसी की यह बैठक दोनों देशों के बीच 2006 में हुए एमओयू का हिस्सा है। इसका संयुक्त सचिव स्तरीय पूर्व संस्करण 2023 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

## न्यायमूर्ति गौरी सहित चार अन्य को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने मद्रास उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के तौर पर न्यायमूर्ति लक्ष्मण चंद्र विक्टोरिया गौरी और चार अन्य अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की मंगलवार को सिफारिश की। पिछले साल न्यायमूर्ति गौरी की उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में उनकी नियुक्ति से पहले, बार के कई सदस्यों ने भारत के प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर उनके कथित नफरती भाषणों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़ाव की बात कही थी। पिछले साल सात फरवरी को शीर्ष अदालत ने गौरी को मद्रास उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने से रोकने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया था।

**उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की पहल**

## 'टिकट किसको मिलेगी सीएम कौन होगा, फैसला हाईकमान के हाथ'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



- हरियाणा चुनाव : कांग्रेस महासचिव सैलजा ने कहा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि टिकट को लेकर खींचतान होना स्वाभाविक है पर टिकट को एक को ही मिलेगी, पार्टी के सच्चे सिपाही होने के नाते पार्टी के लिए ही काम करना चाहिए, साथ ही उन्होंने कहा कि एक राज्य में एक ही सीएम होता है यह पार्टी हाईकमान तय करता है कि कौन होगा। मीडिया से बातचीत में कुमारी सैलजा ने कहा कि आप के साथ गठबंधन को लेकर हाई लेबल पर बातचीत जारी है बीच में धमकी जैसी कोई बात आनी ही नहीं चाहिए, यह पहले से ही तय था कि हर राज्य में गठबंधन को लेकर अलग ढंग से देखा जाएगा, गठबंधन को लेकर देरी हुई है इसलिए समय लग रहा है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि इसमें कोई राय नहीं है कि प्रदेश में कांग्रेस काफी मजबूत स्थिति में है। हरियाणा की राजनीति में गुटबाजी को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है, टिकटों के वितरण में खींचतान तो रहती है, जहां 2500 आवेदन आए हो वहां पर उम्मीदवार का चयन करना आसान काम नहीं होता है, उम्मीदवार तो एक ही चुना जाएगा ऐसे में अन्य को पार्टी के सच्चे सिपाही के नाते पार्टी के लिए काम करना चाहिए। आप चाहती हैं कि प्रदेश को दलित सीएम मिले के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनके चाहने या न चाहने से कुछ नहीं होने वाला इसका फैसला भी हाईकमान पर ही होगा।

**गुमशुदा**



संध्या साकरे

**संध्या साकरे पिता आनंद साकरे** (22 वर्ष) सूर्यानगर मोचीपारा गोगांव गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) से बिना बताए कहीं चली गई है। जो आज तक वापस नहीं लौटी है। कद 5.2'' फुट, रंग-सांवली, चेहरा गोल, बाल काले लंबे, हिंदी-छत्तीसगढ़ी-मराठी में बात करती है। मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिस किसी भी सज्जन को दिखे या कोई जानकारी मिले तो इस नंबर या पते पर सूचित करें।

**आनंद साकरे**
मो. 87198-64286, 95164-78164

## हिन्दुस्तान यात्रा पर आएंगे मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू "बहुत जल्द" भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। उनकी प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय की मुख्य प्रवक्ता हीना वलीद ने मुइज्जू की यात्रा की घोषणा उस दिन की जब जनवरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के लिए निलंबित किए गए तीन में से दो कनिष्ठ मंत्रियों ने सरकार से इस्तीफा दे दिया। निलंबित मंत्रियों मरियम शिउना तथा मालशा शरीफ ने मंगलवार को इस्तीफा दिया। ऑनलाइन समाचार पोर्टल 'सन' की खबर के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा कि यात्रा की सटीक तारीख अभी तय नहीं हुई है और दोनों पक्ष ऐसी तारीख पर चर्चा कर रहे हैं।

**जिला परियोजना कार्यालय,**
**समग्र शिक्षा, जिला-दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)**
**कलेक्टर कैंपस, पुराना कलेक्टर भवन, दंतेवाड़ा जिला शिक्षा कार्यालय परिसर**

क्रं./522/समग्र शिक्षा/सक्षम/2024-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 09/09/2024

**-:: वॉक-इन-इंटरव्यू ::-**

दंतेवाड़ा जिले में संचालित दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए बाधारहित आवासीय परिसर जावंगा क्रमांक 1 एवं 2 में रिक्त विभिन्न पदों पर अस्थाई नियुक्ति किये जाने हेतु दिनांक 20/09/2024 को समय प्रातः 10.30 बजे सक्षम आवासीय परिसर जावंगा क्रमांक 2 में वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया गया है, अर्हताधारी उम्मीदवार निर्धारित तिथि एंव समय पर अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित हो सकते है । पदसंख्या, योग्यता एवं अन्य नियम शर्तें जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.dantewada.gov.in पर देखा जा सकता है ।

**जिला मिशन समन्वयक**
**समग्र शिक्षा, जिला दक्षिण बस्तर**
**दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

S-41385/2

## सूडोकु नवताल- 5640

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5639 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

ऐतिहासिक

सुधीर सक्सेना

## स्मरणीय रहा दरियावदेव का शासन काल



बस्तर की वीर भूमि पर मराठों को उस समय विवश होना पड़ा जब दलपतदेव के पुत्र दरियावदेव ने हल्बा विद्रोह के शमन के लिए मराठों से सैन्य सहायता मांगी। इसका परिणाम यह हुआ कि भोंसलो का बढ़ गया। दरियावदेव ने सिंहासन बचाने की दृष्टि से और अपने भाई पर काबू पाने के लिए नागपुर शासन से सहायता मांगी थी। यह सहायता इस शर्त पर प्राप्त हुई थी कि वह नागपुर राज्य के प्रति निष्ठा व्यक्त करता रहेगा। दरियावदेव ने दल बल और प्रपंच से राज्य तो हासिल कर लिया, किन्तु उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ी। बस्तर जिसकी अस्मिता सन 1777 तक अक्षुण्ण बनी हुई थी, कालांतर में विभिन्न युद्धों में आहत व पराभूत हुआ। उसे भोंसलो व आंग्ल-जैपुर सेनाओं का प्रबल प्रहार झेलना पड़ा। इसके बाद जब अपने आसपास विरोधियों पर सैन्य अभियान छेड़ा, तब उसे जैपुर और भोंसलो का सहयोग मिला। इस सारे खेल में बस्तर की प्रभुसत्ता अवश्य खंडित हुई।

सुरता

डा. डी पी देशमुख

## अपने लेखनी से हमारे बीच रहेंगे विश्राम सिंह



विश्राम सिंह चंद्राकर दुर्ग जिले के कचांदुर गांव के निवासी थे। आपका परिवार मूलतः कृषि कार्यों में लगे रहते थे। आप पेशे से शिक्षक रहे। सेवानिवृत होने के बाद अधिकांश समय अपने लेखन को समृद्ध करने में लगे रहे। आपने जीवन भर छत्तीसगढ़ी और हिन्दी में लेखन करते रहे। अनेक साहित्यिक समितियों में भी आपकी सक्रियता बनी रहती थी। प्रदेश के साहित्यिक आयोजनों में भी आप अपनी उपस्थिति दर्ज कराते थे। छत्तीसगढ़ी राजभाषा के आयोजनों में अपनी प्रस्तुति देते रहते थे। नव लेखकों को जितना हो सके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन करने में कोई कमी नहीं किए। सामाजिक संगठन में महत्वपूर्ण पदों में रहकर अपने दायित्व का उचित निर्वहन करते रहे। आपने दर्जनों पुस्तकें गद्य और पद्य में लिखी। लेखन के क्षेत्र में अंचल में आपकी प्रमुख पहचान रही। आपकी प्रमुख व चर्चित कृतियों में हिंदी काव्य संग्रह उपहार, संवेदना के स्वर काव्य संग्रह, उम्मीदों की लहर काव्य संग्रह, सपनों की उड़ान उपन्यास, यक्ष प्रश्न कहानी संग्रह, लता, प्रतिमा पूजा के फूल उपन्यास हैं। आप कुछ दिनों से पूर्व इस सांसारिक जीवन को छोड़कर स्वर्ग सिधार गए।

पुस्तक समीक्षा

## कविता संग्रह अंजोर




कृति के नाव: कविता संग्रह अंजोर

कृतिकार: एकान्त श्रीवास्तव

प्रकाशक: संस्थान प्रकाशन दिल्ली

पुस्तक समीक्षा: स्वराज्य करुण

मूल्य: दो सौ रुपए

छत्तीसगढ़ी नई कविताओं के हिंदी अनुवाद सहित एकान्त श्रीवास्तव का नया संग्रह 'अंजोर' शीर्षक कविता की दुनिया में नई रौशनी लेकर आया है। संग्रह में 42 छत्तीसगढ़ी कविताओं के साथ -साथ उनके हिन्दी अनुवाद भी दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा में आधुनिक शैली की अतुकांत कविताएँ लिखने वालों की संख्या काफी कम है। ऐसे में इनकी कविताऐं अनायास पाठकों का ध्यान आकर्षित करती हैं। कविता 'पियास' (प्यास) का एक अंश -

फूल के रस ल फुलचुहकी पीथे /आँसू ल पीथे महतारी ,
मइनसे के लहू ल टोनही चुहकथे / गौंटिया ह पी थे गरीब के पछीना।
कोन पानी ल पियँव के माढ़ जाए मोरो पियास /
कोन रद्दा जाँव ,तैं मोला बता दे ,
कोन गाँव ,कही दे संगवारी /कुँवार के घाम म देहे करियागे,
भुंजागे सब्बो बन -कांदी /अंतस के दोना म मया के पानी
एक घुटका पी लेतेंव / त तर जातेंव ।

कवि की कविताओं में भी अपनी माटी से जुड़ी भावुकता और संवेदनशीलता बहुत गहराई से रची - बसी है।

छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य का अवलोकन करें तो दृश्य उभरकर आता है कि सन 1971 से लेकर अब तक की स्थिति को संक्रमण बनाम प्रतिस्पर्धा काल कहा जा सकता है। इस समय बड़ी बड़ी प्रस्तुतियां , बहुत बड़े बड़े मंच भव्य और तामझाम सामने आई।

# छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य का संक्रमण काल







कला जगतः डा. संतराम देशमुख

नाचा गम्मत के दस पंद्रह कलाकारों की जगह पांच छ गुना अधिक कलाकारों को लेकर नागर मंच की सभी खूबियों को आत्मसात करते हुए आधुनिक ही नहीं अत्याधुनिक वाद्य यंत्रों, ध्वनि प्रकाश व्यवस्था आदि से सजे सजाए ऐसे नाटक तैयार किए गए जो किसी भी हालत में पृथ्वी थियेटर्स के पृथ्वीराज कपूर द्वारा लगभग चालीस पचास वर्ष पूर्व खेले गए नाटक दीवार, पैसा पठान आदि से कम नहीं थे। छत्तीसगढ़ी के सभी चोटी के कलाकारों को खोज खोजकर विभिन्न मंडलियों से अच्छे वादक कलाकारों, गायक गायिकाओं, नर्तक नर्तकियों, अभिनेता अभिनेत्रियों, प्रहसन के कलाकारों और छत्तीसगढ़ी कवियों, लेखकों, विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट लोगों को लेकर इसी काल में चंदैनी गोंदा नामक एक भव्य छत्तीसगढ़ी नाटक दाऊ रामचंद्र देशमुख ने बनाया।

| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/-(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 40000.00 (Forty thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 11.09.2024,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 25.09.2024 17:00 PM |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 26.09.2024 17:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |
| 11 | Advertisement number | PR 327659 Road(24-25)#D |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR.NO.335249 Road(24-25):D

## खबर संक्षेप



### एडनॉक 15 साल तक आईओसी को एलएनजी आपूर्ति करेगी

**नई दिल्ली।** अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को सालाना 10 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति करेगी। इसके लिए आईओसी ने तीसरे एलएनजी आपूर्ति सौदे पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की कंपनी एडनॉक के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने कहा कि एडनॉक अपने रूवैस एनजी प्रोजेक्ट से 15 साल तक 10 लाख टन एलएनजी की आपूर्ति करेगी।

### टाटा पावर के तिरुनेलवेली सौर सेल में उत्पादन शुरू



**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की प्रमुख बिजली कंपनी टाटा पावर ने तमिलनाडु के तिरुनेलवेली कारखाने में सौर सेल का उत्पादन शुरू कर दिया है। इससे सूर्य के प्रकाश को बिजली में परिवर्तित करने के लिए जरूरी सौर सेल और मॉड्यूल के घरेलू स्तर विनिर्माण को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी की अनुषंगी टीपी सोलर लि. ने बयान में कहा कि तिरुनेलवेली में विनिर्माण संयंत्र में दो गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) सौर सेल इकाई से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो गया है।

### सोना 600 रुपए और चांदी 700 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की ताजा खरीदारी के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 700 रुपये बढ़कर 84,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसका पिछला बंद भाव 83,800 रुपये प्रति किलोग्राम था।

### एनटीपीसी ने यूएसएआईडी के साथ किया समझौता



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने अमेरिकी एजेंसी यूएस-एआईडी के साथ यहां एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस शुरूआती समझौते का मकसद एनटीपीसी टाउनशिप और कार्यालयों को शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला क्षेत्र बनाने के लिए खाका तैयार करना है। एनटीपीसी की सोमवार को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, कंपनी ने यूएस-एआईडी(यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट) के साथ उसके इंडिया मिशन के जरिये यहां एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

### बजाज हाउसिंग के आईपीओ को मिला पूर्ण अभिदान



नई दिल्ली। बजाज हाउसिंग फाइनेंस के 6,560 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली खुलने के कुछ ही घंटों में पूर्ण अभिदान मिल गया। पहले दिन के अंत में आईपीओ को दोगुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी की शुरुआती शेयर बिक्री में 72,75,75,756 शेयरों के मुकाबले 1,46,58,24,030 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं, जो 2.01 गुना अभिदान है। गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए निर्धारित हिस्से को 4.35 गुना अभिदान मिला।

# दुनिया का पहला खरबपति कौन होगा, इस बार भारतीय हासिल कर सकते हैं रुतबा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर शख्स टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क हैं। उनकी संपत्ति 241 अरब डॉलर है। ऐसा माना जाता है कि अरबपति एलन मस्क ही दुनिया के पहले खरबपति भी बनेंगे। वह यह रुतबा साल 2027 तक हासिल कर सकते हैं। हालांकि, इस बार दुनिया का पहला खरबपति भारत से भी हो सकता है।

ऐसा माना जाता है कि गौतम अदाणी भी 2028 तक खरबपति बन जाएंगे। हालांकि, मुकेश अंबानी को इस जादुई आंकड़े तक पहुंचने में थोड़ा और वक्त लगेगा। वह 2033 में खरबपति बन सकते हैं। ऐसे में अगर गौतम अदाणी ने थोड़ा और तेजी से अपना कारोबार फैलाया तो वह एलन मस्क से पहले खरबपति बनकर यह रुतबा भारत में ला सकते हैं। इंफोर्मा कनेक्ट अकेडमी की रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क और गौतम अदाणी के बीच पहला खरबपति बनने की जंग तेजी से चल रही है। दुनिया का पहला ट्रिलेनियर बनने के लिए एलन मस्क को 110 फीसदी सालाना की दर से अपनी संपत्ति बढ़ानी होगी। गौतम अडाणी को इसी माइलस्टोन तक पहुंचने के लिए 123 फीसदी सालाना की दर से अपनी संपत्ति बढ़ानी होगी। हालांकि, अडाणी ग्रुप का कारोबार जिस तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में गौतम अडाणी खरबपति बनने की दौड़ में एलन मस्क को कड़ी टक्कर देंगे, ऐसा माना जा सकता है।

## टेस्ला के मालिक एलन मस्क के खरबपति बनने संभावना ज्यादा

### रिलायंस बन सकती है पहली ट्रिलेनियर कंपनी

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, मुकेश अंबानी 111 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के 11वें सबसे अमीर आदमी हैं। गौतम अडाणी इसी लिस्ट में 99.5 अरब डॉलर नेट वर्थ के साथ 13वें नंबर पर हैं। मगर, गौतम अडाणी की संपत्ति मुकेश अंबानी से तेजी से बढ़ रही है। मुकेश अंबानी को भले ही खरबपति बनने के लिए 2033 तक इंतजार करना पड़ेगा लेकिन, उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की पहली ट्रिलेनियर कंपनी बन सकती है। उसे यह माइलस्टोन हासिल करने में 2035 तक का समय लगेगा।



### ये कारोबारी भी ट्रिलेनियर बनने की होड़ में

इसके अलावा ताइवान की सेमीकंडक्टर कंपनी टीएसएमसी साल 2025 तक ट्रिलियन डॉलर कंपनी बन सकती है। इसका मार्केट कैप फिलहाल 893.7 बिलियन डॉलर है। इसके अलावा बर्कशायर हैथवे, एली लिली, ब्रॉडकॉम और टेस्ला भी इस मुकाम को हासिल करने में लगी हुई हैं। एनविडिया के जेनसन हुआंग, इंडोनेशिया के प्रजोगा पंगेस्तु, फ्रांस के बर्नार्ड अर्नोल्ट, फेसबुक के सीईओ मार्क जकरबर्ग भी जल्द ट्रिलेनियर बन सकते हैं।

## फिक्की और भारतीय बैंक संघ ने संयुक्त रिपोर्ट जारी की

# बैंक जमा की तुलना में ऋण वृद्धि अधिक होने से नकदी की चुनौतियां संभव : रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बैंकों की तरफ से दिए जाने वाले ऋण की वृद्धि दर जमा वृद्धि से अधिक होने से बैंकिंग प्रणाली के समक्ष आने वाले समय में नकदी की चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई है। उद्योग मंडल फिक्की और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की एक संयुक्त रिपोर्ट कहती है कि ऋण वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए जमा को बढ़ाना और ऋण लागत को कम रखना बैंकों के एजेंडा में सबसे ऊपर है। रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वेक्षण के मौजूदा दौर में 67 प्रतिशत उत्तरदाता बैंकों ने कुल जमा में चालू खाता और बचत खाता (कासा) जमा की हिस्सेदारी कम होने की बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है, प्रतिभागी बैंकों से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में उच्च और आकर्षक दरों के कारण सावधि जमा में तेजी आई है।भाग लेने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के 80 प्रतिशत बैंकों ने 2024 की पहली छमाही के दौरान बचत खाते एवं चालू खाते में जमा की हिस्सेदारी घटने की सूचना दी। निजी क्षेत्र के भी आधे से अधिक बैंकों ने कासा जमा कम होने की सूचना दी। इस सर्वेक्षण का 19वां दौर जनवरी से जून, 2024 के दौरान चला। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 22 बैंकों ने भाग लिया। इनकी कुल बैंकिंग उद्योग में करीब 67 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 71 प्रतिशत बैंकों ने पिछले छह महीनों में गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के स्तर में कमी की सूचना दी है। सार्वजनिक क्षेत्र के 90 प्रतिशत बैंकों का एनपीए इस अवधि में घटा है जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत ने कमी का हवाला दिया है। सर्वेक्षण के निष्कर्ष बताते हैं कि बुनियादी ढांचा, धातु, लोहा और इस्पात जैसे क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक ऋण मांग में निरंतर वृद्धि हुई है। इसके पीछे बुनियादी ढांचे क्षेत्र पर सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देना एक कारण हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, बैंकों और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के बीच साझेदारी में नवाचार को बढ़ावा देने, सेवा वितरण में सुधार करने और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।

- जमा को बढ़ाना और ऋण लागत को कम रखना एजेंडे में

**खास बातें**

- 67 फीसदी ने कासा की हिस्सेदारी कम होने की बात कही
- पिछले कुछ माह में आकर्षक दरों के कारण सावधि जमा में तेजी आई



### एमएसएमई को ऋण पांच लाख करोड़ देने का लक्ष्य

सरकार का अगले दो वर्षों में सीजीटीएमएसई योजना के जरिये सूक्ष्म और लघु उद्यमों को दी जाने वाली क्रेडिट गारंटी को पांच लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य है। अतिरिक्त सचिव और विकास आयुक्त (सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम) रजनीश ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

### पिछले दो वर्षों में चार लाख करोड़ की गारंटी देने में सक्षम

रजनीश ने बताया कि पिछले दो वर्षों में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के जरिये चार लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी दी गई। रजनीश ने यहां फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा, 22 वर्षों में सीजीटीएमएसई ने कुल 2.6 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी दी। लेकिन, पिछले दो वर्षों में हम चार लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी देने में सक्षम रहे हैं और अगले दो वर्षों में हम इसे पांच लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का इरादा रखते हैं।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश तीन फीसदी बढ़ा



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इक्विटी म्यूचुअल फंड ने अगस्त में भी अपनी मजबूत गति जारी रखी और थीम आधारित योजनाओं से मिले मजबूत योगदान से इनमें 38,239 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में दर्ज 37,113 करोड़ रुपये के शुद्ध प्रवाह से यह तीन प्रतिशत अधिक रहा। लगातार 42 महीने से इक्विटी कोषों में शुद्ध प्रवाह जारी है। कोटक महिंद्रा एएमसी के राष्ट्रीय प्रमुख (बिक्री, विपणन तथा डिजिटल व्यापार) मनीष मेहता ने कहा, '' एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) और एनएफओ (नई कोष पेशकश) के प्रवाह के साथ शुद्ध प्रवाह उत्साहजनक बना हुआ है। एनएफओ के कारण योजनाओं की क्षेत्रीय/विषयगत श्रेणी में मजबूत प्रवाह देखा गया।

- अगस्त में निवेश बढ़कर 38,239 करोड़ रुपए

### जुलाई में निवेश कम रहा

हालांकि, इस खंड में निवेश जुलाई के 18,386 करोड़ रुपये और जून के 22,352 करोड़ रुपये की तुलना में कम रहा। अगस्त में ऋण-उन्मुख योजनाओं में 45,169 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जो पिछले महीने के 1.2 लाख करोड़ रुपये से 62 प्रतिशत कम है।

शुरुआत 2026 से ईवी वाहनों के साथ होगी

# भारत में हाइब्रिड, बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों की योजना : स्कोडा चेयरमैन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चेक कार विनिर्माता स्कोडा ऑटो भारतीय बाजार में माइल्ड हाइब्रिड से लेकर पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों को पेश करेगी। इसकी शुरुआत वर्ष 2026 में एक शुरुआती स्तर के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के साथ होगी। स्कोडा ऑटो के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्लॉस जेलमर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीईओ ने कहा कि स्कोडा ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की पेशकश को लेकर एक योजना बनाई है और उसी के हिसाब से काम करेगी। कंपनी वर्ष 2026 में एक शुरुआती स्तर की ईवी लेकर आएगी जिसे भारत के लिए एक विकल्प के रूप में पेश किया जाएगा। उसके बाद कंपनी एसयूवी एन्याक और एक अन्य कॉम्पैक्ट एसयूवी एलरॉक भी लेकर आएगी।

जेलमर ने भारतीय वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के वार्षिक सम्मेलन में कहा, ''हमारे पास एक ठोस योजना है। हमारी योजना कारों की पूरी रेंज, माइल्ड हाइब्रिड, प्लग-इन हाइब्रिड और बैटरी ईवी के साथ पूरा पोर्टफोलियो लाने की है।'' जेलमर ने कई प्रौद्योगिकी विकल्पों पर विचार की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''हमारा मानना है कि हमें ग्राहकों की उस इच्छा का सम्मान करना चाहिए जो वे आवागमन के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं।''इलेक्ट्रिक उत्पादों का ब्योरा देते हुए जेलमर ने कहा, हमारे पोर्टफोलियो में वर्तमान में एक प्रवेश स्तर का मॉडल शामिल है जिसे हम 2026 में पेश करेंगे। यह भारत के लिए एक विकल्प है।

- कंपनी एसयूवी एन्याक लेकर आएगी



### कार बैटरी ईवी एन्याक होगी

भारत के लिए अगली कार बैटरी ईवी एन्याक होगी जिसे हम वर्तमान में यूरोप में बेचते हैं। स्कोडा ऑटो वर्ष 2018 में घोषित एक कारोबारी योजना के तहत भारत में फॉक्सवैगन समूह में नई जान फूंकने के अभियान की अगुवाई कर रही है।

# एफएटीएफ भारत पर पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी करेगा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक अपराध निगरानी संस्था एफएटीएफ 19 सितंबर को जारी होने वाली 'पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट' में आतंकवाद के वित्तपोषण और धन शोधन से निपटने के लिए भारत के कदमों पर प्रकाश डालेगी। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को जानकारी दी कि रिपोर्ट में प्राथमिकता वाले कार्रवाई क्षेत्रों के बारे में भी बताया जाएगा। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने जून में भारत पर पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को स्वीकार किया और देश को 'नियमित अनुवर्ती' श्रेणी में रखा था। यह वैश्विक निगरानी संस्था की उच्चतम रेटिंग है और केवल चार अन्य जी20 देशों को यह रेटिंग मिली है। 'नियमित अनुवर्ती श्रेणी' वाले देशों को स्वैच्छिक आधार पर तीन साल में एक बार एफएटीएफ को अनुवर्ती रिपोर्ट देनी होती है।




### भारत को 37 मापदंडों में सर्वोच्च रेटिंग

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एफएटीएफ के 40 मापदंडों में भारत को 37 मापदंडों में सर्वोच्च रेटिंग मिली है। सूत्रों ने बताया कि 19 सितंबर की रिपोर्ट में एफएटीएफ प्राथमिकता वाले कार्य बिंदु का उल्लेख करेगी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में अधिकांश मापदंडों पर भारत को सकारात्मक रेटिंग मिलेगी, जबकि कुछ ऐसे बिंदु होंगे जिनपर एफएटीएफ ने सुधार का सुझाव दिया है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही तेजी

एजेंसी ▸▸| मुंबई

अमेरिकी बाजारों में तेजी और विदेशी कोषों की ताजा खरीदारी से उत्साहित स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। संसेक्स में 362 अंक की तेजी दर्ज की गई जबकि निफ्टी एक बार फिर 25,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), दूरसंचार और चुनिंदा बैंकिंग शेयरों में लिवाली के चलते शेयर बाजारों में तेजी की धारणा रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 361.75 अंक चढ़कर 81,921.29 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 104.70 अंक बढ़कर 25,041.10 अंक पर पहुंच गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिकी मुद्रास्फीति और फेडरल रिजर्व के नीतिगत रुख की तरफ निवेशकों का ध्यान जाने से घरेलू बाजार ने क्रमिक सुधार दिखाया। हालांकि, निकट अवधि में अमेरिकी राजनीति से जुड़े जोखिम और मंदी की आशंकाएं वैश्विक बाजार धारणा को सतर्क कर सकती हैं।'' एशिया के अन्य बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में तेजी रही जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और जापान के निक्की में गिरावट रही।

- सेंसेक्स 362 और निफ्टी 102 अंक चढ़ा



### एनटीपीसी रहा बढ़त में

सेंसेक्स की कंपनियों में से एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अदाणी पोर्ट्स बढ़त के साथ बंद हुईं।

### बजाज फिनसर्व में गिरावट

इसके उलट बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

## बिजनेस साइड

### बीएड प्रथम काउंसलिंग ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आज



**दुर्ग।** गोकुल नगर, पुलगांव स्थित बी.एम. कॉलेज, एनसीटीई नई दिल्ली एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है। इस संस्था के अंतर्गत बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए और बी.एड. कोर्स संचालित होते हैं। बी.एड के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया एससीईआरटी रायपुर के माध्यम से होगी। बी.एड. प्रथम काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 11 सितंबर है। संस्था में आधुनिक सुविधाएं जैसे एसी लैब, क्लासरूम और वाई-फाई उपलब्ध हैं। विगत वर्षों में संस्था का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। बी.एम. कॉलेज की स्थापना 2008 में हुई थी। संस्था आरक्षित वर्ग के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा भी प्रदान करती है और ट्यूशन फीस किस्तों में जमा की जा सकती है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में आकर प्रवेश ले सकते हैं और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए बी.एम. कॉलेज, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग में निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में निशुल्क पंजीयन व परामर्श शिविर



**रायपुर।** लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी ने छात्रों के लिए नर्सिंग और फार्मेसी में निशुल्क पंजीकरण और परामर्श शिविर आयोजित किया है। रायपुर शहर में स्थित इस प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा विभिन्न कोर्सेज के लिए निशुल्क पंजीकरण और प्रवेश परामर्श का पोर्टल जारी किया गया है। छात्र एक क्यूआर कोड स्कैन कर एक फॉर्म भरकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। महाविद्यालय की निर्देशिका डॉ. अर्चना मिश्रा ने बताया कि लीला देवी समूह राजधानी के निकट एक विश्वस्तरीय शिक्षा कैंपस है। जिसमें सीबीएसई स्कूल, नर्सिंग महाविद्यालय, फार्मेसी कॉलेज और विभिन्न स्किल एवं प्रोफेशनल एजुकेशन कार्यक्रम शामिल हैं।

# गूगल को यूरोपीय संघ की अपीलीय अदालत से नहीं मिली राहत




**लंदन।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल पर प्रतिस्पर्धा मानकों के उल्लंघन पर यूरोपीय आयोग की तरफ से लगाए गए 2.4 अरब यूरो के जुर्माने के आदेश को ऊपरी अदालत ने मंगलवार को बरकरार रखा। इंटरनेट पर सर्च के दौरान अपने खरीद सुझावों को प्रतिद्वंद्वियों पर अवैध बढ़त देने के मामले में यूरोपीय संघ की निचली अदालत ने गूगल पर 2.4 अरब यूरो (2.7 अरब डॉलर) का भारी जुर्माना लगाया था। इस फैसले के खिलाफ गूगल ने यूरोपीय संघ के 'कोर्ट ऑफ जस्टिस' में अपील की थी। लेकिन अमेरिकी कंपनी को वहां से भी कोई राहत नहीं मिली। न्यायालय ने एक बयान में कहा, ''इस अपील को 'कोर्ट ऑफ जस्टिस' खारिज करता है और सामान्य अदालत के फैसले को बरकरार रखता है।'' वर्ष 2017 में प्रतिस्पर्धा आयोग के मूल फैसले में गूगल पर प्रतिस्पर्धियों के नुकसान के लिए उपयोगकर्ताओं को अपनी खुद की गूगल शॉपिंग सेवा पर गलत तरीके से निर्देशित करने का आरोप लगाया गया था।

## इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव कृष्णन ने प्रतिबद्धता जताई

# चिप परियोजना के लिए धन की कोई समस्या नहीं

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने कहा है कि सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक संयंत्रों के लिए करीब 62,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन की प्रतिबद्धता जताई है और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण की कोई समस्या नहीं है। कृष्णन ने बताया कि पहले स्वीकृत 76,000 करोड़ रुपए में से सरकार के पास अब भी छोटी परियोजनाओं को समायोजित करने की गुंजाइश है और जब नई परियोजनाएं आएंगी तो सरकार प्राधिकारियों से संपर्क करेगी। उन्होंने कहा, सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निर्धारित 76,000 करोड़ रुपये में से हमने करीब 62,000 करोड़ रुपये देने की प्रतिबद्धता जतायी है।

- सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक संयंत्रों के लिए 62,000 करोड़ प्रोत्साहन राशि दी



### पांच चिप परियोजनाओं को मंजूरी

*इसमें केन्स के लिए मंजूर की गई अंतिम योजना भी शामिल है। अबतक जहां भी दावे आए हैं, हम उन्हें तेजी से निपटा रहे हैं और फिलहाल वित्तपोषण की कोई समस्या नहीं है। सरकार ने करीब 1.52 लाख करोड़ रुपये या करीब 18 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश वाली पांच सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी है।*

### छोटी परियोजनाओं के लिए धन राशि है

कृष्णन ने कहा, ' हमारे पास अब भी छोटी परियोजनाएं शुरू करने और उन्हें मंजूरी देने के लिए कुछ धनराशि है। इसके बाद जब कुछ नए प्रस्ताव आएंगे तो हमें मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय और मंत्रिमंडल का रुख करना होगा।' उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर मिशन को सफल बनाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### चिप मिशन के लिए 20 प्रस्ताव मिले

कृष्णन ने कहा, 'अगर अतिरिक्त वित्तपोषण की आवश्यकता होगी, तो मुझे विश्वास है कि हम इसे हासिल कर पाएंगे...' सरकार को भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत केंद्र के प्रोत्साहन के लिए करीब 20 प्रस्ताव मिले हैं।

### कई बड़े ब्रांड भारत में डिजाइन करते हैं

सचिव ने कहा कि डिजाइन परिवेश में भारत की महत्वपूर्ण उपस्थिति है और सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए आवश्यक वैश्विक मानव संसाधनों का 20 प्रतिशत भारत में ही उपलब्ध है। कृष्णन ने कहा कि कई बड़े ब्रांड वास्तव में भारत में ही डिजाइन करते हैं।

# दलीप ट्रॉफी : रिंकू को दूसरे दौर के लिए चुना गया, राष्ट्रीय टीम में चुने गए खिलाड़ियों के जाने के बाद चुना

एजेंसी ▶▶| अनंतपुर

ऋषभ पंत, लोकेश राहुल और शुभमन गिल सहित बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए भारतीय टीम में चुने गए अधिकतर खिलाड़ियों को 12 सितंबर से यहां शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर से मंगलवार को आराम दिया गया। रविवार को राष्ट्रीय टीम में आकाश दीप, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल को भी जगह मिली। इन सभी को दूसरे दौर में खेलने से छूट दी गई है।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल और सरफराज खान को हालांकि दलीप ट्रॉफी से नहीं हटाया गया है जिससे संकेत मिलते हैं कि वे चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय एकादश का हिस्सा नहीं होंगे।

## दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर से आराम दिया गया



### गिल के विकल्प के रूप में प्रथम चुने गए

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा, ''चयनकर्ताओं ने गिल के विकल्प के तौर पर प्रथम सिंह (रेलवे), लोकेश राहुल के विकल्प के तौर पर अक्षय वाडकर (विदर्भ) और जुरेल के विकल्प के तौर पर एसके रशीद (आंध्र) को चुना है।''

### मुलानी लेंगे कुलदीप की जगह

बयान के अनुसार, ''बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी टीम में कुलदीप की जगह लेंगे जबकि आकाश दीप की जगह आकिब खान (उत्तर प्रदेश) को चुना गया है।''गिल की जगह मयंक अग्रवाल को भारत 'ए' टीम का कप्तान बनाया गया है।जायसवाल और पंत के विकल्प के तौर पर चयनकर्ताओं ने सुयश प्रभुदेसाई और रिंकू सिंह को चुना है।



### भारत सी टीम में कोई बदलाव नहीं

भारत 'डी' टीम में अक्षर के स्थान पर निशांत संधू को जगह मिली है। तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे हल्की चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं। रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली भारत 'सी' टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### लोकेश व आकाश का प्रदर्शन अच्छा

दिसंबर 2022 के बाद पहली बार लाल गेंद का क्रिकेट खेलते हुए पंत ने दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में प्रभावित किया था। लोकेश राहुल और आकाश दीप ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

### अपडेट टीम इस प्रकार हैं

**भारत एः** मयंक अग्रवाल (कप्तान), रियान पराग, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, आवेश खान, कुमार कुशाग्र, शाश्वत रावत, प्रथम सिंह, अक्षय वाडकर, एसके रशीद, शम्स मुलानी और आकिब खान।

**भारत बीः** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), सरफराज खान, मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीशन, सुयश प्रभुदेसाई, रिंकू सिंह और हिमांशु मंत्री।

**भारत डी टीमः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व ताइडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, सारांश जैन, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत, सौरभ कुमार, संजू सैमसन, निशांत संधू और विद्वथ कावेरप्पा।

## खबर संक्षेप



### एमबापे के बिना भी जीता फ्रांस, बेल्जियम को हराया

**जिनेवा।** स्टार फॉरवर्ड किलियन एमबापे को विश्राम दिए जाने के बावजूद फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बेल्जियम को 2-0 से हराया। एमबापे के पेरिस सेंट जर्मेन के दो पूर्व साथियों रैंडल कोलो मुआनी और ओस्मान डेम्बेले ने फ्रांस की तरफ से गोल किये। फ्रांस अपने पिछले मैच में शुक्रवार को इटली से 3-1 से हार गया था लेकिन बेल्जियम के खिलाफ जीत से उसने टूर्नामेंट में आगे बढ़ने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इटली ने सोमवार को इज़राइल को 2-1 से हराया और वह चार टीमों के ग्रुप में शीर्ष पर है। इस बीच अर्लिंग हॉलैंड के 80वें मिनट में किए गए निर्णायक गोल की मदद से नॉर्वे ने ऑस्ट्रिया पर 2-1 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में स्लोवेनिया के स्टार बेंजामिन सेस्को ने कजाकिस्तान पर 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई।

### ईएफआई जंपिंग क्लासिक्स का आयोजन करेगा



**बेंगलुरू।** विश्व चैलेंज के रजत पदक विजेता पुनीत जाखड़, जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन श्रेष्ठ राजू मेनटेना जैसे प्रतिभावान युवा राइडर बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही भारतीय घुड़वारी महासंघ (ईएफआई) की जंपिंग चिल्ड्रन क्लासिक्स में हिस्सा लेंगे। ईएफआई का 2024 घरेलू कैलेंडर शुरू हो चुका है और बुधवार को अंडर-14 ट्रायल के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत होगी। यहां एंबेसी इंटरनेशनल राइडिंग स्कूल में लगभग 50 प्रतिभावान राइडर तीन आयु वर्ग गोल्ड (12 से 14 वर्ष), सिल्वर (10 से 14 वर्ष) और ब्रॉन्ज (10 से 14 वर्ष) में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता से चुने गए राइडर (सिल्वर और ब्रॉन्ज वर्ग) भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे और विश्व टीम रैंकिंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। गोल्ड वर्ग के विजेताओं को वैश्विक रैंकिंग में जगह मिलती है और अगर वे विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में शामिल रहे तो उन्हें मैक्सिको में फाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

### बैडमिंटन : चिराग सेन क्वालीफायर में हारे



**हांगकांग।** भारत के चिराग सेन और मानव चौधरी को हांगकांग बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल क्वालीफिकेशन के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को हार का सामना करना पड़ा, जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी महिला युगल के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के विश्व टूर सुपर 500 स्तर के स्पर्धा में त्रिसा और गायत्री की जोड़ी ने यूक्रेन की पोलिना बुग्रोवा और एवगेनिया कांतेमिर के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। भारतीय जोड़ी ने अंतिम-32 के इस मुकाबले को 21-14, 21-13 से अपने नाम किया।

## 29 पदक जीतने वाली भारतीय दल दिल्ली के हवाई अड्डे पर पहुंची

# पैरालंपिक पदक विजेताओं का लौटने पर जोरदार स्वागत

### समर्थकों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस में हाल ही में संपन्न हुए पैरालंपिक खेलों में 29 पदक जीतने वाले भारत के पैरालंपिक पदक विजेताओं का मंगलवार को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों समर्थकों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया। आज सुबह जब खिलाड़ी हवाई अड्डे से बाहर निकले तो ढोल की थाप और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया गया। समर्थक, खेल प्रशासक और परिवार के लोग खिलाड़ियों का स्वागत करने पहुंचे। भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने 'पीटीआई' से कहा, ''इस भव्य स्वागत के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।''



### सुमित ने बेहतर रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

सुमित ने 70.59 मीटर के प्रयास के साथ खेलों का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर एफ64 श्रेणी में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। वह मौजूदा विश्व चैंपियन निशानेबाज अवनि लेखरा के बाद पैरालंपिक खिताब का बचाव करने वाला दूसरा भारतीय खिलाड़ी बना।

### अंतिल ने मोटरसाइकल दुर्घटना में बायां पैर खोया

अवनि ने टोक्यो खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पेरिस खेलों में भी इसी स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वह अपनी स्पर्धाएं पूरी करने के बाद पिछले सप्ताह देश लौटी थीं। अंतिल ने 2015 में मोटरसाइकिल दुर्घटना में घुटने के नीचे अपना बायां पैर खो दिया था।

### हरविंदर व शीतल देवी पर फूलों की वर्षा

सिंह ने कहा, ''मुझे खुद को व्यस्त रखना पसंद है। इससे मुझे ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है, दिमाग कम भटकता है। कोई भी व्यक्ति जो परेशान या हारा हुआ महससू करता है, वह पैरा खिलाड़ियों से प्रेरणा ले सकता है।'' समर्थकों ने हरविंदर और साथी तीरंदाज शीतल देवी पर फूलों की वर्षा की।

### भारत पदक तालिका में 18वें स्थान पर रहा

बिना हाथों के पैदा हुई शीतल ने राकेश कुमार के साथ मिश्रित टीम कांस्य पदक जीता जबकि वह व्यक्तिगत पदक से मामूली अंतर से चूक गईं थी। शीतल ने कहा, ''मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। मैं बहुत खुश हूं कि भारत ने तीरंदाजी में दो पदक जीते। हमें अच्छा समर्थन मिला और इसीलिए हमने इतने सारे पदक जीते।'' भारत पदक तालिका में 18वें स्थान पर रहा।

### देश का अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा

अपने छोटे कद के कारण एफ41 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप को उनके समर्थकों ने उठाया और उनके साथ जश्न मनाया। नवदीप ने 47.32 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत ने 84 खिलाड़ियों का दल भेजा था जो खेलों के लिए देश का अब तक का सबसे बड़ा दल था। देश ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात स्वर्ण पदक सहित कुल 29 पदक जीते।

### अंतिल परिवार के साथ चाय पीना चाह रहे

दुर्घटना से पहले अंतिल सक्षम खिलाड़ियों के वर्ग में पहलवान थे। दुर्घटना के बाद घुटने के नीचे उनका पैर काटना पड़ा था। अंतिल ने कहा, ''जब आप अच्छी तरह से तैयारी करते हैं, तो आप अपने आप ही आत्मविश्वास महसूस करते हैं। मैं जल्द ही 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की कोशिश करूंगा। मैंने कुछ दिनों से चाय नहीं पी है, मैं अपने परिवार के साथ चाय पीना चाहूंगा।''

### अर्थशास्त्र में पीएचडी कर रहे तीरंदाज हरविंदर

पंजाब विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी कर रहे तीरंदाज हरविंदर सिंह स्वागत से अभिभूत थे। बचपन में डेंगू के उपचार के दुष्प्रभावों के कारण उनके पैर खराब हो गए। वह तीन साल पहले टोक्यो में कांस्य पदक के साथ इस खेल में देश के पहले पदक विजेता बनने के बाद पेरिस में पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बने।

हॉकी इंडिया

# साइ, स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| पुणे

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड ने मंगलवार को यहां चौथी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

साइ ने पूल ए में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को 5-1 से हराकर पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। साइ के लिए पंकज (38वें और 53वें मिनट) ने दो जबकि ललित नेगी (छठे मिनट), नीरज (28वें मिनट) और रजत मिन्ज (54वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। सीबीडीटी के लिए एकमात्र गोल 44वें मिनट में नचप्पा ने किया। स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड ने पूल बी में देना बैंक से 3-3 से ड्रॉ खेलने के बावजूद दूसरे स्थान पर रहते हुए नॉकआउट में प्रवेश किया। स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड ने चार मैच में सात अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) ने पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया। टीम ने अपने अंतिम मैच में 2-3 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड को 4-3 से हराया।

## राष्ट्रमंडल शतरंज प्रतियोगिता में शुभी को दोहरी सफलता

**नई दिल्ली।** भारत की शुभी गुप्ता ने श्रीलंका के कलुतारा में हाल में समाप्त हुई राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप में लड़कियों के अंडर-16 वर्ग में स्वर्ण और अंडर-20 वर्ग में कांस्य पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। महिला फिडे मास्टर और लड़कियों के अंडर-19 वर्ग में मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन शुभी ने अंडर-16 वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने इस वर्ग में सात बाजियां जीती जबकि दो बाजी ड्रॉ कराई। शुभी ने संभावित नौ में से आठ अंक हासिल किये तथा हमवतन मृतिका मलिक (सात अंक) और यशवी जैन (6.5 अंक) को पीछे छोड़ा जिन्होंने क्रमशः



दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। शुभी ने ओपन वर्ग में अनुभवी ग्रैंडमास्टर्स, इंटरनेशनल मास्टर्स और महिला ग्रैंडमास्टर्स के खिलाफ शानदार खेल दिखाया। भारत की इस युवा खिलाड़ी ने लड़कियों के अंडर-20 वर्ग में 4.5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल करके कांस्य पदक जीता।

क्रिकेट

# अफगान-न्यूजीलैंड के बीच दूसरे दिन का खेल भी रद्द




एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

आउटफील्ड ढकने के लिये शामियाने का इस्तेमाल, गीली आउटफील्ड सुखाने के लिये इलेक्ट्रिक पंखे, डीडीसीए से ग्राउंड कवर उधार और यूपीसीए से उधार पर सुपर सोपर लेने के बावजूद ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट में दूसरे दिन का खेल नहीं होने से काफी किरकिरी हुई है ।

शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में लगातार दूसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी जिससे इस स्टेडियम पर प्रश्नचिन्ह लगे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी हो रही है सो अलग । दोनों टीमों के बीच पहली बार हो रहा टेस्ट सोमवार से शुरू होना था लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देकर अंपायरों ने पहले दिन का खेल रद्द कर दिया । सोमवार को शाम को एक घंटे बूंदाबांदी को छोड़कर बारिश नहीं हुई लेकिन मंगलवार को खेल की शुरूआत पर असर पड़ा । खेल सुबह आधा घंटा पहले शुरू होना था। आसमान साफ था लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद मैदान को खेलने लायक नहीं बनाया जा सका। मैदानकर्मी अभ्यास परिसर से सूखी घास लाकर मिड आन और मिडविकेट क्षेत्र में लगाने की कोशिश कर रहे थे । आफ साइड में तीन टेबल फैन भी लगाये गए ताकि उसे सुखाया जा सके ।

### आउटफील्ड ढंकने बरसाती लगाई गई

दिन में विवाह में इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक शामियाने का इस्तेमाल आउटफील्ड ढंकने के लिये किया गया और शाम को बरसाती लगाई गई । कोटला से डीडीसीए अधिकारियों ने आउटफील्ड कवर भेजे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास कुशल मैदानकर्मी भी नहीं थे जिसकी वजह से मजदूरों को काम पर लगाया गया ।

### लॉजिस्टिक कारणों से ग्रेटर नोएडा चुना गया

बीसीसीआई ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड को कानपुर, बेंगलुरू और ग्रेटर नोएडा के विकल्प दिये थे । एसीबी ने लॉजिस्टिक कारणों से ग्रेटर नोएडा को चुना। एसीबी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैनेजर मिन्हाज राज ने कहा ,'' यह हमेशा से अफगानिस्तान का घरेलू मैदान रहा है । हम 2016 से यहां खेल रहे हैं । बारिश के कारण यह सब हुआ । हमने यहां स्थानीय टीम के खिलाफ तीन दिवसीय मैच भी खेला है जिसमें कोई मसला नहीं आया था ।''

# हशिका ने फ्रीस्टाइल तैराकी में 13 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा



**कर्नाटक की हशिका ने 400 मीटर चार मिनट 24.70 सेकंड का समय निकाल**

एजेंसी ▶▶| मेंगलुरू

कर्नाटक की हशिका रामचंद्र ने 77वीं सीनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में महिलाओं के 400 मीटर फ्रीस्टाइल वर्ग में 13 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया । हशिका ने झारखंड की रिचा मिश्रा का 4 : 25 . 76 मिनट का रिकॉर्ड तोड़ते हुए चार मिनट 24 . 70 सेकंड का समय निकाला । पुरूषों के 400 मीटर में कर्नाटक के अनीश एस गौड़ा ने 3 : 56 . 59 मिनट के साथ जीत दर्ज की ।तमिलनाडु के सुरेश ने पुरूषों के 200 मीटर ब्रीस्ट स्ट्रोक में 2 : 18 . 85 मिनट के साथ स्वर्ण पदक जीता ।

### इजराइल के राष्ट्रगान पर इटली के प्रशंसकों ने दिखाई पीठ

**बुडापेस्ट (हंगरी)।** तटस्थ स्थल हंगरी में खेले गए नेशंस लीग फुटबॉल मैच से पहले जब इजराइल का राष्ट्रगान बज रहा था तब इटली के काले कपड़े पहने हुए लगभग 50 प्रशंसकों ने इसके विरोध में अपनी पीठ दिखाई। इटली के इन प्रशंसकों ने सोमवार को खेले गए इस मैच में अपने देश का ध्वज भी हाथ में ले रखा था जिस पर 'लिबर्टी' (स्वतंत्रता) लिखा हुआ था। हमास के साथ युद्ध के कारण इजराइल अपने घरेलू मैच हंगरी में खेल रहा है। इटली ने इस मैच में 3-0 से जीत दर्ज की। हंगरी के प्रधान मंत्री विक्टर ओर्बन के इज़राइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। इटली को 14 अक्टूबर को उडीन में इज़राइल की मेजबानी करनी है। इसी दिन इस शहर में फलस्तीन समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम भी निर्धारित किया है।

# 45वां शतरंज ओलंपियाड : भारतीय टीमों की निगाहें फिर से पदक जीतने पर

### भारतीय टीम डी हरिका व आर वैशाली की अगुवाई में आज से खेलेगी

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

डी हरिका और आर वैशाली की अगुवाई वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम बुधवार से यहां शुरू होने वाले 45वें शतरंज ओलंपियाड में पोडियम पर पहुंचने की मजबूत दावेदार होगी जबकि डी गुकेश की अगुवाई वाली पुरुष टीम से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। कोनेरू हम्पी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रही हैं लेकिन इससे भारत की संभावनाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए क्योंकि वैशाली ने हाल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। हम्पी की गैर मौजूदगी में शीर्ष बोर्ड पर ग्रैंडमास्टर डी हरिका होंगी। उनके बाद अन्य बोर्ड पर वैशाली, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल अपनी चुनौती पेश करेंगी।

**ओपन वर्ग में अमेरिका प्रबल दावेदार :** जॉर्जिया को भारतीय महिला टीम के बाद दूसरी वरीयता दी गई



है। उसके बाद पोलैंड, चीन और यूक्रेन का नंबर आता है। ओपन वर्ग में अमेरिका प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। उसकी तरफ से फैबियानो कारूआना शीर्ष बोर्ड पर होंगे, लेकिन उसे निश्चित रूप से हिकारू नाकामुरा की कमी खलेगी। भारतीय टीम में विदित गुजराती, आर प्रज्ञाननंदा, डी गुकेश, अर्जुन एरीगेसी और पी हरिकृष्णा शामिल हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10 भिलाई (छ.ग.) फोन: 0788-2261892, 2264992 ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/ जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम /फोन नं. | उधारकर्ता / जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक / भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | स्टेशन रोड शाखा राजनांदगांव 7879038235 | श्री प्रियांक कुमार सोनी (उधारकर्ता) एवं श्री जगदीश प्रसाद सोनी (जमानतदार) एचआईजी ए/2, वार्ड नं. 31, जनता कॉलोनी, लखोली, राजनांदगांव, छ.ग.-491441 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल परिवर्तित भूमि से संबंधित खसरा नं.-497/2-5जी/109, क्षेत्रफल- 0.350 डीस्मिल = 0.014 हेक्टेयर, स्थित लखोली, पुराना प.ह.नं.-26, नया प.ह.नं.- 42, तहसील एवं जिला- राजनांदगांव, छ.ग. हैं जो श्री जगदीश प्रसाद सोनी पिता श्री छोटेलाल सोनी के नाम पर हैं.संपत्ति की सीमाएं: दक्षिण- संजय गुप्ता की भूमि, उत्तर- रोड, पूर्व- अनीश जैन की भूमि, पश्चिम- रोड. | 20.06.2024 रु. 7,96,580.04 + ब्याज + अन्य प्रभार 05.09.2024 सांकेतिक कब्जा |
| 02 | स्टेशन रोड शाखा राजनांदगांव 7879038235 | मेसर्स गुरुजस ट्रेडर्स श्री जरनैल सिंह भाटिया (प्रोपराइटर) श्रीमती रवींद्र कौर भाटिया (जमानतदार) वार्ड नं.-27, जी.ई. रोड, मनसुख लाल पेट्रोल पम्प के पास, राजनांदगांव, छ.ग. | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल खसरा नं. - 84/13, क्षेत्रफल - 3.50 डीस्मिल - 0.014 हेक्टेयर, स्थित ग्राम - कौरिनभाटा, प.ह. नं. - 24, वार्ड नं. - 19, इंद्रपुरी कॉलोनी सिटी, आर आई सर्कल तालुका एवं जिला - राजनांदगांव, छ.ग. संपत्ति की सीमाएं: दक्षिण - वरुण शंकर का मकान, उत्तर- चंद्रा मिश्रा की भूमि, पूर्व- रोड, पश्चिम- चावला का मकान. | 20.06.2024 रु.19,84,791.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 05.09.2024 सांकेतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.

दिनांक: 11.09.2024, स्थान: भिलाई, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

# शहजादी ने पति से तलाक के बाद अब किया 'डायवोर्स' परफ्यूम लॉन्च

एजेंसी ▶▶| दुबई

यूएई के उपराष्ट्रपति और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी शहजादी शेखा माहरा एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने हाल ही में अपने पति शेख माना बिन मोहम्मद बिन राशिद बिन माना अल मकतूम को तलाक देकर सुर्खियां बंटोरी थीं। अब माहरा ने एक नए परफ्यूम को लॉन्च करके लोगों का ध्यान खींच लिया है। दरअसल, परफ्यूम का नाम 'डायवोर्स' रखा है। इसकी वजह से सोशल मीडिया पर जमकर इसकी बात हो रही है।

दुबई की 30 वर्षीय राजकुमारी ने अपने ब्रांड माहरा एम 1 के तहत डायवोर्स नाम से परफ्यूम लॉन्च किया है। दुबई के शासक की बेटी ने इसकी जानकारी सोमवार को इंस्टाग्राम पर दी। उन्होंने प्रोडक्ट का एक टीजर साझा किया है। उनकी पोस्ट में एक काली रंग की सुंदर बोतल पर डायवोर्स लिखा हुआ दिखाया गया है। वहीं, टीजर में टूटे हुए कांच, काली पंखुड़ियों और एक काले पैंथर को दिखाया गया। टीजर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

## सोशल मीडिया पर मचाई खलबली




### इसलिए दिया तलाक

बता दें, शेखा माहरा ने जुलाई में अपने पति को सार्वजनिक रूप से तलाक दिया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसका ऐलान किया था। माहरा ने लिखा था, 'प्रिय पति, चूंकि आप किसी और के साथ हैं, इसलिए मैं अपने तलाक का ऐलान करती हूं। मैं आपको तलाक देती हूं, मैं आपको तलाक देती हूं और मैं आपको तलाक देती हूं, अपना ख्याल रखें। आपकी पूर्व पत्नी।'

### कौन हैं शेख माहरा?

शेखा माहरा का जन्म 26 फरवरी, 1994 को यूएई के दुबई में हुआ था। वह 30 साल की हैं। शेखा माहरा की जड़ें अमीराती और ग्रीक दोनों हैं, क्योंकि उनकी मां जो ग्रिगोराकोस ग्रीस से हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा दुबई के एक निजी स्कूल में हासिल की और बाद में उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई थीं। उन्होंने ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय से इंटरनेशनल रिलेशन में डिग्री हासिल की है और मोहम्मद बिन राशिद सरकारी प्रशासन से कॉलेज की डिग्री भी ली है।

### माहरा की शादी और तलाक

शेखा माहरा ने मई 2023 में शेख माना बिन मोहम्मद बिन राशिद बिन माना अल मकतूम से शादी की थी। उन्होंने इसी साल मई में एक बेटी को जन्म दिया था, जिसका नाम उन्होंने शेखा माहरा बिंत माना बिन मोहम्मद अल मकतूम रखा है। हालांकि, शेखा माहरा ने जुलाई महीने में अपने तालाक का सार्वजनिक ऐलान किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि शेख माना किसी और महिला के साथ रिलेशन में हैं।

# धरती के सबसे लंबे शख्स जितनी बड़ी भी नहीं है दुनिया की सबसे छोटी गली

**क्या आप जानते हैं कहां है ये?**

**लंदन।** दुनिया में जो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनते हैं उनमें से कई तो बहुत ही अजीब लगते हैं। आपने सबसे लंबी गली के रिकॉर्ड के बारे में शायद सुना हो, पर क्या आपने सबसे छोटी गली के बारे में सुना है? जी हां, हम सबसे संकरी नहीं, बल्कि लंबाई में सबसे छोटी गली की बात कर रहे हैं। इसका रिकॉर्ड बनने की भी एक कहानी है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स के अनुसार दुनिया की सबसे छोटी गली ब्रिटेन में है। इसकी लंबाई सिर्फ छह फीट है। लेकिन, इसका अतीत बहुत ही गंभीर है। यह गली एबेनेजर प्लेस है। एबेनेजर प्लेस की 2.06 मीटर की लंबाई के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे छोटी गली होने का रिकॉर्ड रखता है, जो पृथ्वी पर सबसे लंबे व्यक्ति से भी छोटी है। स्कॉटलैंड के कैथनेस के विक में स्थित इस छोटी सी गली का सिर्फ एक ही पता है, जो मैकेज होटल का हिस्सा नंबर 1 बिस्ट्रो है। एबेनेजर प्लेस का इतिहास 1883 से शुरू होता है, जब 1 एबेनेजर प्लेस का निर्माण किया गया था। इमारत के मालिक को होटल के सबसे छोटे हिस्से पर नाम लिखने के लिए कहा गया था। इसे आधिकारिक तौर पर 1887 में एक गली के रूप में मान्यता दी गई थी। मैकेज होटल के वर्तमान मालिक मरे लैमोंट ने कहा, 'हर कुछ मिनट में हम देखते हैं कि लोग वहां खड़े होकर फोटो लेते हैं, दिन भर और रात में भी।'







# राम भजन गाती महिला के गले लग गया बंदर

## लोगों ने कहा- 'भगवान का दूत'



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर आए दिन कुछ ना कुछ वायरल होते रहता है। कुछ वीडियो ऐसे होते हैं जिन पर यकीन करना मुश्किल होता है। ऐसा ही एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। जिसमें राम भजन गाती हुई एक महिला के पास अचानक एक बंदर पहुंच जाता है। महिला बंदर से डरती नहीं हैं। वे सीता-राम भजन गाना जारी रखती हैं। भजन सुनकर बंदर एकदम शांत हो जाता है और महिला के गले लग जाता है।

**भजन सुनकर झूमने लगता है बंदर**

वीडियो में देखा जा सकता है कि बंदर महिला के गले लगकर मानो उसे दुलार रहा हो। महिला और जोर-जोर से भजन गाना चालू रखती है। बंदर भजन सुनकर झूमने लगता है। वह दोबारा महिला को गले लगाता है और भजन पर झूमता है। वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि कोई इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। अभी तक यह साफ नहीं है कि यह वीडियो कहां का है, मगर लोग इस वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं और शेयर कर रहे हैं। इस वीडियो पर लोगों की खूब रिएक्शन आ रहे हैं।

### आध्यात्मिक वाइब्स में डूबे लोगों ने जमकर किया कमेंट

लोग इस वीडियो को आध्यात्म से जोड़ रहे हैं। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ लोग कुछ ही सेकेंड में आध्यात्मिक वाइब्स में डूब गए। वीडियो में देखा जा सकता है कि बंदर ने महिला पर हमला नहीं किया, बल्कि उसे गले से लगा लिया। फुटेज में बंदर महिल के गले लगकर मानो आराम कर रहा हो। मानो वह भगवान राम के भजन गा रही एक महिला का बहुत करीबी हो। वीडियो वायरल होते ही लोग बंदर को 'भगवान का दूत' कहने लगे। बंदर का यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया।

# दक्षिणी कैसोवरी है दुनिया की सबसे खतरनाक चिड़िया

**यूके में 2021 के बाद बच्चे को दिया है जन्म!**

एजेंसी ▶▶| लंदन

दुनिया की सबसे खतरनाक चिड़िया एक बार फिर से चर्चा में है। चर्चा का कारण है कि उसने बहुत मुश्किल से बच्चे दिए हैं। दक्षिणी कैसोवरी ने हाल ही में यूके के एक पार्क में बच्चे दिए हैं। यह यूके में 2021 के बाद की पहली घटना है और यूरोप की साल की पहली घटना है। दक्षिणी कैसोवरी अपनी आक्रामकता के कारण दुनिया के सबसे खतरनाक पंछी माने जाते हैं। दक्षिणी कैसोवरी एक सुंदर सा दिखने वाला बड़ा सा पक्षी है जो अपने



खतरनाक पंजों और उससे करने वाले हमलों के लिए जाना जाता है। इस पक्षी की किलगी आकर्षित करती है जो इसे दूसरे पंछियों से बहुत अलग बनाती है। एक बार देखने पर लगता है कि इसकी चोंच ज्यादा खतरनाक होगी, लेकिन असल में के पंजे ज्यादा खतरनाक होते हैं, जिनसे ये हमला करता है।

### फ्लोरिडा में एक व्यक्ति की ले ली थी जान

दक्षिणी कैसोवरी पक्षी छह फीट तक लंबे हो सकते हैं। उन्होंने चीजों को चीरने की अपनी खास काबिलियत के कारण ग्रह पर सबसे खतरनाक के रूप में ख्याति अर्जित की है। शुतुरमुर्ग और इमू के बाद वे तीसरे सबसे लंबे पक्षी हैं। बड़े आकार के पक्षी का वजन 76 किलोग्राम तक हो सकता है और इसके तीन पंजे वाले पंजों के पीछे एक बड़ा पंजा होता है। 2019 में, एक बंद कैसोवरी की लात ने फ्लोरिडा में एक व्यक्ति की जान ले ली थी।










# ये तो हद है! पिता ने बेटी की सुरक्षा के खातिर सिर पर लगवा दिया सीसीटीवी कैमरा

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें एक पिता ने अपनी बेटी की सुरक्षा के खातिर उसके सिर पर ही सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया। पाकिस्तान से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, जब बच्चे बड़े हो जाते हैं तो माता-पिता की चिंता भी बढ़ जाती है। उनकी देखभाल करना और उन्हें गलत रास्तों पर जाने से रोकना मां-बाप के लिए जिम्मेदारी हो जाती है। इस वजह से पेरेंट्स अलग-अलग तरह के कदम उठाते हैं। पर एक पिता ने तो ऐसा कदम उठाया, जिसके बारे में जानकर लोग भी हैरान हुए।



### कैमरा से बेटी पर नजर रख पाता है पिता

वीडियो में एक पिता ने अपनी बेटी के सिर पर सीसीटीवी कैमरा ही लगवा दिया। इस कैमरे की मदद से पिता अपनी बेटी पर नजर रख पाता है। हालांकि, इस बात का खुलासा उस लड़की ने खुद एक वीडियो के जरिए किया है। जब जब उससे पूछा गया कि क्या उसे अपने पिता के इस फैसले पर कोई ऐतराज है? इस पर लड़की का कहना है कि उसे अपने पिता के हर फैसले पर पूरी सहमति है। ऐसा करने के पीछे वो कराची का हिट एंड रन केस का जिक्र करती है।

### जानिए क्या है पूरा मामला?

वीडियो में लड़की का कहना है कि वो पाकिस्तान के सबसे व्यस्त शहर कराची से ताल्लुक रखती है। लड़की ने कहा कि कराची में अक्सर लड़कियों के साथ कई घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में उनके पास कोई सबूत नहीं होता है। जिसके चलते उन्हें कोई इंसाफ नहीं मिल पाता है। उसने कहा कि अगर, कोई मेरा एक्सीडेंट कर दे तो कम से कम सबूत तो रहेगा। इन हालातों से निपटने के लिए उसके पिता ने उसके सिर पर सीसीटीवी कैमरा बांध दिया है, ताकि जब वो घर से बाहर निकले तो उसके पिता उस पर नजर रख सकें।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com